Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 339 | शुक्रवार, 12 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## वेनेजुएला के समर्थन में आए पुतिन, राष्ट्रपति मादुरो से की बात



**मॉस्को।** एक तरफ वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को ट्रंप लगातार निशाना बना रहे हैं और वेनेजुएला के तेल टैंकरों को लगातार जब्त कर रहे हैं। इस बीत पुतिन वेनेजुएला के समर्थन में आ गए हैं और वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

क्रेमलिन ने जानकारी दी है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को अपने लंबे समय से सहयोगी रहे वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। यह बातचीत अमेरिकी सेना द्वारा वेनेजुएला के तट पर एक तेल टैंकर को जब्त करने के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हुई। क्रेमलिन के बयान के अनुसार, पुतिन ने इस बातचीत में वेनेजुएला के प्रति रूस के समर्थन की पुष्टि की। क्रेमलिन द्वारा फोन कॉल के बाद जारी बयान में कहा गया कि व्लादिमीर पुतिन ने वेनेजुएला के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की और बढ़ते बाहरी दबाव के मद्देनजर राष्ट्रीय हितों और संप्रभुता की रक्षा के उद्देश्य से मादुरो सरकार की नीति के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की।

## 'मणिपुर को सभी के लिए सुरक्षित और सशक्त राज्य बनाएं'

# राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मु ने 14 परियोजनाओं की रखी आधारशिला

**इंफाल।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को कहा कि वह जातीय हिंसा के कारण मणिपुर के लोगों के दर्द से अवगत हैं। आश्वासन दिया कि सरकार आपसी सद्भाव को बढ़ाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य को दृढ़ता और साहस की धरती बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि मणिपुर के लोगों ने खेल, रक्षा, कला-संस्कृति और लोकसेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देकर राष्ट्र को समृद्ध बनाया है। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका राज्य का पहला दौरा है। एक नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे उस पीड़ा का आभास है, जिससे मणिपुर के लोग गुजरे हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहती हूं कि आपकी चिंताओं का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मई 2023 से लेकर अब तक मेइती और कुकी समुदायों के बीच हुए संघर्षों में कम से कम 260 लोग मारे गए और हजारों लोग बेघर हो गए। राज्य में अभी राष्ट्रपति शासन लागू है। राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। भारत सरकार सद्भाव को मजबूत करने, सुरक्षा सुनिश्चित करने और मणिपुर को स्थिरता और समृद्धि की राह पर आगे बढ़ने में सहयोग देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुर्मू ने कहा कि उन्होंने कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया है, जिससे मणिपुर के लोगों के जीवन में बदलाव होगा। इससे पहले राष्ट्रपति ने 1,180 करोड़ रुपये की लागत वाली 14 परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 207 करोड़ रुपये की लागत वाली 12 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय विकास, कृषि, बिजली, पेयजल, शिक्षा और खेल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ये परियोजनाएं आधुनिक और समावेशी मणिपुर के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## गोवा अग्निकांड: 25 लोगों की मौत का होगा हिसाब



**पणजी।**

गोवा के नाइट क्लब में हुए अग्निकांड के मुख्य आरोपितों क्लब मालिक सौरभ व गौरव लूथरा को थाईलैंड में हिरासत में ले लिया गया है। उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और उन्हें जल्द ही भारत लाया जाएगा। उत्तरी गोवा के अरपोरा में बने नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन में बीते शनिवार रात को आग लगने से 25 लोगों की जान गई थी। इस अग्निकांड के एक घंटे के भीतर ही लूथरा बंधुओं ने थाईलैंड की हवाई टिकट बुक करा ली थी और शनिवार सवेरे इंडिगो की फ्लाइट से थाईलैंड के फुकेट भाग गए थे। भारत सरकार के अनुरोध पर इंटरपोल ने इस संबंध में नौ दिसंबर को ब्लू कार्नर नोटिस जारी किया था। गोवा पुलिस ने सीबीआई के माध्यम से इंटरपोल से यह नोटिस जारी करने का अनुरोध किया था। उसी के तहत उन्हें थाईलैंड के अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। उन्हें डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वहीं सीबीआई ने भी अपनी कमर कस ली है, तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें जल्द भारत लाया जाएगा। भारत और थाईलैंड के बीच 2013 से प्रत्यर्पण संधि लागू है। यह संधि भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण के लिए एक ठोस कानूनी ढांचा प्रदान करती है।

## राजस्थान में महिला शिक्षक ने हेडमास्टर को क्लास में मारे थप्पड़



**फलोदी।** राजस्थान के फलोदी जिले के पलीना साथरी राजकीय विद्यालय की महिला शिक्षक ने भरी क्लास में स्कूल के हेड मास्टर को दो थप्पड़ मार दिए। महिला शिक्षक ने हेडमास्टर पर अश्लीलता का आरोप लगाया है, जबकि हेडमास्टर का कहना है कि महिला शिक्षक का ट्रांसफर रुकवाने से वह नाराज थी। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। मालूम हो कि फलोदी के पलीना साथरी गांव के राजकीय विद्यालय में महज दो ही अध्यापक हैं। एक के तबादले के बाद पूरे स्कूल की व्यवस्था सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे रह जाती। हेडमास्टर का कहना है कि अध्यापिका के तबादले की चिट्ठी की जानकारी उसने ग्रामीणों को दी, ग्रामीणों ने तबादला रुकवा दिया, जिसके चलते अध्यापिका ने उन पर यह सब गलत आरोप लगाकर हाथ उठाया है। मामले की शिकायत शिक्षा विभाग तक पहुंची है।

## 'इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का कारों पर कोई बुरा असर नहीं', गडकरी बोले- किसानों को हो रहा लाभ

**नई दिल्ली।**



इथेनाल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग को लेकर व्यक्त की जा रही च्चताओं के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर परीक्षण के बाद उन कारों पर कोई बुरा असर नहीं पाया गया है, जिनमें इथेनाल मिला हुआ पेट्रोल इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि ई-20 पेट्रोल (इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) का इस्तेमाल अच्छी बात है। यह एक पर्यावरण अनुकूल बदलाव है। यह कम प्रदूषण करता है और विदेशी मुद्रा भी बचाता है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल में इथेनाल मिलाने की वजह से किसानों को गन्ना और मक्का आदि के लिए 40 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रश्नकाल में कहा कि इथेनाल मिश्रित ईंधन का कार्यक्रम लागू होने के बाद जो पैसा पहले कच्चे तेल के आयात पर खर्च होता था, वह अब किसानों के पास जा रहा है। जो अन्नदाता होने के साथ ही ऊजार्दाता भी बन गए हैं। इससे 1.40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।

## कंबोडिया-म्यांमार समेत तीन देशों से 6700 से अधिक भारतीयों को सुरक्षित बचाया

**नई दिल्ली।**



**फर्जी कंपनियों की धोखाधड़ी के हुए शिकार**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा को बताया कि दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों कंबोडिया, म्यांमार और लाओस में फर्जी नौकरी के झांसे में फंसाए गए 6,700 से अधिक भारतीयों को बचाया जा चुका है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह लिखित उत्तर ने कहा कि कई फर्जी कंपनियां इंटरनेट मीडिया के जरिये भारतीय युवाओं को आकर्षक नौकरियों का लालच देती हैं और उन्हें विदेश ले जाकर साइबर क्राइम व अन्य धोखाधड़ी वाले काम करवाती हैं। सरकार ने इस मुद्दे को कंबोडिया, म्यांमार और लाओस की सरकारों के साथ कई बार राजनयिक स्तर पर उठाया है। भारतीय दूतावास भारतीयों को सुरक्षित निकालने का काम कर रहा है। दूतावासों के प्रयासों से अब तक कंबोडिया से 2,265, लाओस से 2,290 और म्यांमार से 2,165 भारतीयों को बचाया गया है। विदेश मंत्रालय ने विदेश में रह रहे भारतीयों के लिए सहायता पाने के कई विकल्प उपलब्ध कराए हैं। इसमें ईमेल, वाक-इन संपर्क, 24म7 इमरजेंसी नंबर, वाट्सएप, मदद पोर्टल, ई-माइग्रेट पोर्टल और इंटरनेट मीडिया चैनल शामिल हैं। सरकार का प्रयास है कि मुश्किलों में फंसा भारतीय तुरंत दूतावास से जुड़ सके और उसकी मदद की जा सके।

## बंगाल में चुनाव से पहले मंदिर-मस्जिद पर घमासान

**कोलकाता।**



बंगाल में कुछ माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मंदिर-मस्जिद की राजनीतिक लड़ाई में तेजी आने के साथ गुरुवार को राजधानी कोलकाता के साल्टलेक इलाके में जगह-जगह पोस्टर दिखे, जिनमें महानगर के पूर्वी किनारों पर अयोध्या-शैली के राम मंदिर बनाने की योजनाओं की घोषणा की गई है। अयोध्या की तरह प्रस्तावित मंदिर परिसर में एक स्कूल, अस्पताल, वृद्धाश्रम और अन्य कल्याणकारी सुविधाओं का वादा किया गया है। ये पोस्टर स्थानीय भाजपा नेता और पूर्व स्थानीय इकाई अध्यक्ष संजय पोयरा के बताए जा रहे हैं। साल्टलेक के सिटी सेंटर, करुणामयी और बिधाननगर के कई अन्य प्रमुख इलाकों में ये पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर के जरिए भाजपा नेता ने घोषणा की है कि चार बीघा जमीन पर अयोध्या की संरचना के समान भव्य राम मंदिर बनाया जाएगा और इलाके के निवासियों से इस परियोजना के लिए दान के रूप में एक रुपया देने का आग्रह किया गया है। बताते चलें कि राम मंदिर बनाने की यह घोषणा 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा ढहाए जाने की बरसी पर बीते छह दिसंबर को बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद-शैली की मस्जिद की आधारशिला रखने के कुछ ही दिनों बाद हुआ है।

## दिल्ली-यूपी समेत कई राज्यों में शीतलहर का अलर्ट

# श्रीनगर में माइनस 2 डिग्री हिमाचल में जम गए झरने

**नई दिल्ली।**



दिसंबर का महीना लगते ही देश के ज्यादातर हिस्से शीतलहर की चपेट में आ गए हैं। ठंड तेजी से पैर पसार रही है। कई राज्यों में आज भी शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और राजस्थान सहित लगभग 15 राज्यों के लिए गंभीर ठंड और घने कोहरे का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कड़ाके की ठंड से लोग बेहाल हैं। कश्मीर में कई स्थानों पर तापमान लगातार जमाव बिंदु से नीचे बना हुआ है तो हिमाचल प्रदेश में न्यूनतम तापमान तेजी से गिर रहा है और कई जगह सामान्य से नीचे पहुंच गया है। जनजातीय जिलों लाहुल स्पीति और किन्नौर में तापमान शून्य से काफी नीचे जाने से प्राकृतिक जल स्त्रोत जम गए हैं। कश्मीर में गुरुवार सुबह कई हिस्सों में हल्की धुंध छाई रही। सबसे कम तापमान जोजि ला दर्रे पर दर्ज किया, जहां तापमान -18.0 डिग्री रिकॉर्ड किया। जम्मू में न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री रहा। जम्मू संभाग में भद्रवाह में सबसे कम 1.4 न्यूनतम तापमान रहा। कश्मीर और लद्दाख के ऊपरी इलाकों में पेड़ों पर बर्फ की परतें जम गई हैं। पानी के स्त्रोत भी आंशिक रूप से जम गए हैं। हिमाचल प्रदेश में बीते 24 घंटों में औसत न्यूनतम तापमान में 0.2 डिग्री की कमी आई है। ओडिशा के कुछ हिस्सों में ठंड की वजह से आम जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हुई।

### पंजाब में 4.9 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान

पंजाब में फरीदकोट का न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस रहा। चंडीगढ़ में 6.9 तो हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस, हिसार में 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान में सीकर का फतेहपुर चार डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा रहा।

### केंद्र सरकार पहले 'आवास योजना' के तहत आवास के लिए धनराशि जारी करे

# बंगाल में निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक को करना पड़ा विरोध का सामना



**कोलकाता।**

निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतदाता सूची पर्यवेक्षक सी मुरुगन को गुरुवार को बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फलता में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का निरीक्षण करते समय विरोध का सामना करना पड़ा।

घटना उस समय हुई जब स्थानीय महिलाओं के एक समूह (कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस समर्थक) ने अधिकारी को घेर लिया और नारे लगाए। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार पहले 'आवास योजना' के तहत आवास के लिए धनराशि जारी करे और 100 दिवसीय महात्मा गांधी रष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के तहत लंबित मजदूरी का भुगतान करे। कहा कि जब तक ये मांगें पूरी नहीं हो जातीं तब तक एसआइआर प्रक्रिया को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुरुगन ने व्यवधान पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे प्रक्रिया में बाधा डालने का जानबूझकर किया गया प्रयास बताया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और उचित कदम उठाए जाएंगे। चुनाव आयोग ने बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने इसे लेकर गुरुवार को बंगाल प्रशासन व विभिन्न एजेंसियों के साथ जरूरी बैठक की। बैठक में बंगाल व कोलकाता पुलिस, राज्य सरकार के परिवहन, वन व सहकारिता विभाग, आयकर, आबकारी व सीमा शुल्क विभाग, रिजर्व बैंक, राजस्व खुफिया निदेशालय, भारतीय तटरक्षक बल, सशस्त्र सीमा बल, रेलवे सुरक्षा बल, सीआइएसफ, डाक विभाग, सीमा सुरक्षा बल इत्यादि के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## संपादक की कलम से

# टूरिज्म ग्रोथ में निवेश-1

निवेश के रास्ते पर पर्यटन की पहचान में हिमाचल ने नए स्वागत कक्ष खोले हैं। आइंदा मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में टूरिज्म इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन काउंसिल, वादों और इरादों के साथ पचास करोड़ या इससे ऊपर के निवेश को हाथों हाथ लेकर, इसे 14 दिन के भीतर निपटाएगी। पर्यटन निवेश के लिए यह आश्वासन, एक हद तक सपने संजोता है। यानी बड़ी परियोजनाओं के ग्राहक के लिए हिमाचल के कालीन बिछेंगे। हाई एंड टूरिज्म की ग्रोथ के लिए यह वसंत आने की सूचना है, लेकिन प्रदेश को पर्यटन राज्य बनाने का निवेश छोटी संगत में बड़े गीत गाना चाहता है। हम पर्यटन में निवेश को क्या चंद इकाइयों में देख रहे हैं या प्रदेश की पर्यटन संस्कृति में निवेश करने की राह चुन रहे हैं। पर्यटन संस्कृति का विकास समाज की रूपरेखा, राज्य की दृष्टि और लक्ष्यों का सीमित, लेकिन प्रभावशाली कार्यान्वयन है। हमारे पास पर्यटन निवेश के कई क्षेत्र व रास्ते खाली या अपूर्ण हैं। मसलन छात्र पर्यटन के साथ हिमाचल को रिश्ते मजबूत करने हैं, तो साहसिक खेलों, धरोहर स्थानों तथा वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलना चाहिए। घुमारवीं से नादौन के बीच एक साइंस सिटी की स्थापना से पर्यटन की दृष्टि में नई संभावनाओं का निवेश होगा।



ललित शर्मा
संपादक

विश्वविद्यालयों के समर कैंप अगर हिमाचल की आबोहवा में पड़ाव ढूंढ रहे हैं, तो शिलाई, भरमौर, किन्नौर, श्रीरेणुका जी, कौल डैम, गोविंदसागर व पौंग बांध के किनारों पर ढांचागत निवेश चाहिए। नए पैराग्लाइडिंग, रिवर राफ्टिंग, हाइकिंग, पर्वतारोहण तथा वाटर स्पोर्ट्स के साइट्स पर निवेश का निमंत्रण देना होगा। पर्यटन के मार्फत निवेश का अर्थ केवल फाइव स्टार होटल नहीं है। प्रदेश में परिवहन को पर्यटन निवेश के साथ जोड़ते हुए ट्रैवल मार्किट में निजी क्षेत्र को सहूलियतें देनी होंगी। लोकल पर्यटन रूट्स, इंटर सिटी पर्यटन रूट्स तथा हिमाचल के समीप पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख व राजस्थान के पर्यटक एवं धार्मिक शहरों से पैकेज के आधार पर बस सेवाएं शुरू करने के लाइसेंस प्रदान करने होंगे। हिमाचल में निजी वोल्वो बसों का पर्यटन विस्तार में काफी योगदान है, अतः इसे निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत लाया जाए। इतना ही नहीं हिमाचल को पड़ोसी राज्यों की परिवहन सेवाओं के साथ मिल कर दिल्ली व चंडीगढ़ में आरंभिक तौर पर पर्यटन बस स्टैंड स्थापित करने होंगे। इसके अलावा प्रमुख इंटरस्टेट रूट्स के आधार पर चयनित स्थानों पर पर्यटन सुविधा केंद्र तथा फूड एवं उपहार केंद्र विकसित करने की पहल करनी होगी। हिमाचल के मंदिरों की विकास एवं निवेश योजनाओं का एक खाका बना कर इनके तहत पर्यटन की दीर्घकालीन परियोजनाओं पर काम किया जा सकता है। धार्मिक नगरियों के विकास की परिकल्पना में निजी निवेश की भागीदारी से मनोरंजन, बाजार और परिवहन सेवाओं के नए आकर्षण पैदा किए जा सकते हैं। पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश का हर विकास जुड़े तथा अपने कार्यों की कसौटी में सैलानियों के लिए अधोसंरचना पैदा कर सकता है। अगर किसी निवेशक को लंबी लीज या बीओटी के आधार पर वाटर शैड परियोजनाएं भी दे दी जाएं, तो सडकों के किनारे या हाई वे टूरिज्म की कई साइट्स विकसित हो सकती हैं। मत्स्य पालन परियोजना में निजी निवेश से मछलियों का आखेट एक अनुभव सरीखा होगा। सरकार को पर्यटन निवेश में स्थानीय निकायों, व्यापारिक समुदाय, परिवहन क्षेत्र, बागबानों तथा युवा बेरोजगारों के साथ मिलकर ऐसे खाके पर भी काम करना होगा, जहां राशि भले ही कम हो, लेकिन मांग के हिसाब से यह हिमाचल की छवि बदल सकता है। मसलन हिमाचल के बस स्टॉप और बस स्टैंड की परियोजनाओं में निजी निवेश के जरिए इन्हें पर्यटन सुविधाओं का अड्डा बना सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया का ऐतिहासिक सोशल मीडिया प्रतिबंध- बचपन की सुरक्षा, डिजिटल भविष्य और वैश्विक सबक -भारत के लिए एक समग्र अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ की राजनीति में जहाँ अक्सर देशों के बीच सैन्य तनाव,आर्थिक प्रतिस्पर्धा, रणनीतिक गठबंधनों और भू- राजनीतिक बदलावों का बोलबाला रहता है, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने एक ऐसा साहसिक कदम उठाया है,जिसने अंतरराष्ट्रीय विमर्श को बच्चों की सुरक्षा,डिजिटल बाल-नीति और तकनीकी दुरुपयोग की ओर मोड़ दिया है।यह फैसला किसी युद्ध, प्रतिबंध या व्यापार विवाद से नहीं उपजा,बल्कि यह सीधे-सीधे हमारे परिवारों,हमारे बच्चों और आने वाली पीढ़ियों की मानसिक -सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया ने दुनियाँ में पहली बार 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट्स को बंद करने का निर्णय लेकर एक ऐतिहासिक सामाजिक हस्तक्षेप किया है, जिसने दुनियाँ को चौंकाया भी है और विचार करने पर मजबूर भी किया है।इस फैसले का सीधा असर इंस्टाग्राम,फेसबुक टिकटॉक यूट्यूब, स्नैपचैट, थ्रेड्स और एक्स जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पड़ा है। लाखों किशोरों के अकाउंट बंद कर दिए गए हैं और सख्त प्रावधान किए गए हैं कि टेक कंपनियों पर 3 करोड़ 20 लाख डॉलर तक का भारी जुमार्ना लगाया जा सकता है यदि वे इस नीति का पालन नहीं करतीं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह कदम केवल एक कानूनी संशोधन या प्रशासनिक आदेश नहीं है;यह एक बचपन बचाओ आंदोलन है जिसे आधुनिक समाज में डिजिटल प्रदूषण, साइबर बुलिंग, मानसिक तनाव,गलत कंटेंट, हिंसक वीडियो और हानिकारक एल्गोरिद्म्स के बीच बच्चों के लिए एक सुरक्षा कवच माना जा रहा है।

साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया का काला सचः बच्चों के जीवन में प्रवेश औरमनोवैज्ञानिक जोखिम इसको समझने की करें तो, दुनियाँ भर की सरकारें,टेक विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक और अभिभावक लंबे समय से इस चिंता से ग्रसित रहे हैं कि सोशल मीडिया बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को किस हद तक प्रभावित कर रहा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि 10-16 वर्ष की उम्र में बच्चे सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा सक्रिय हो रहे हैं,जहाँ वे अनफि ल्टर्ड और अकसर हानिकारक कंटेंट के संपर्क में आते हैं। कई बच्चे घंटों तक वीडियो स्क्रॉल करते रहते हैं और प्लेटफॉर्म्स के एल्गोरिद्म उन्हें उसी तरह के वीडियो दिखाते रहते हैं,जो ज्यादा व्यूज,ज्यादा क्लिक और कंपनियों के ज्यादा मुनाफे से जुड़े होते हैं,चाहे वे बच्चों के लिए कितने भी हानिकारक क्यों न हों।मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, बच्चे की मानसिकता सबसे अधिक प्रभावित उसी उम्र में होती है जब वह पहचान,व्यवहार और सीखने की प्रक्रिया में होताहै।हानिकारक ऑनलाइन कंटेंटहिंसक वीडियो, अश्लील सामग्री,साइबर बुलिंग, अवास्तविक सुंदरता मानक और फेक सोशल लाइफ की तुलना बच्चों को गहरे




अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति, आत्म- असमर्थता और पारिवारिक दूरी की ओर धकेल सकते हैं। कई अध्ययन साबित करते हैं कि आज की पीढ़ी किताबों से कम और रील्स से ज्यादा सीख रही है, और घरेलू रिश्तों से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को सुन रही है। यह खतरे की घंटी है। साथियों बात अगर हम टेक कंपनियाँ बच्चों को क्यों टारगेट करती हैं? बिजनेस मॉडल का कटु सच इसको समझने की करें तो,ऑस्ट्रेलिया के फैसले के पीछे संभावित एक बड़ा कारण सोशल मीडिया कंपनियों का एल्गोरिद्म-आधारित बिजनेस मॉडल हो सकता है?अधिकतम समय तक बच्चे प्लेटफॉर्म पर बने रहें, यह कंपनियों के मुनाफे का मूल तत्व होता है। बच्चों की रुचि तेजी से बदलती है,वे भावनात्मक रूप से संवेदनशील होते हैं और वायरल कंटेंट से जल्दी प्रभावित होते हैं, ऐसे में वे कंपनियों के लिए सबसे आसान उपभोक्ता बन जाते हैं। एल्गोरिद्म इस तरह से डिजाइन किए गए होते हैं कि बच्चे वीडियो देखते रहें, स्क्रॉल करते रहें और प्लेटफॉर्म छोड़ न पाएं।यह डिजिटल व्यसन न सिर्फ उनका समय निगलता है, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन से काटकर वर्चुअल दुनियाँ में फंसा देता है। साथियों बात अगर हम ऑस्ट्रेलिया का बचपन बचाओ आंदोलन, दुनियाँ के लिए उदाहरण इसको समझने की करें तो, ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। यह निर्णय दुनिया के किसी भी बड़े लोकतंत्र में पहली बार लिया गया है। इसके कुछ प्रमुख आयाम हैं- (1) किशोरों के लाखों अकाउंट बंद-बच्चों की पहचान सत्यापन के लिए कड़े मानदंड लागू कर दिए गए हैं।(2) 10 सोशल मीडिया ऐप्स पूरी तरहप्रतिबंधित फेसबुक इंस्टाग्राम, टिकटॉक, यूट्यूब, एक्स, स्नैपचैट, थ्रेड्स सहित सभी प्रमुख प्लेटफॉर्म 16 वर्ष से कम उम्र वालों के लिए ब्लॉक कर दिए गए (3) अभिभावकों को सजा नहीं, जिम्मेदारी टेक कंपनियों की ऑस्ट्रेलिया ने यह समझा कि माता-पिता आधुनिकटेक्नोलॉजी की जटिलताओं को हमेशा नहीं समझ सकते। इसलिए दंड सिर्फ कंपनियों पर है।(4) टेक कंपनियों पर भारी जुमार्ना 32 मिलियन डॉलर तक-यह कंपनियों को मजबूर करेगा कि वे बच्चों को टारगेट करने वाली व्यावसायिक रणनीतियाँ बदलें।यह कदम केवल बच्चों की सुरक्षा का मामला नहीं है;यह डिजिटल युग में सामाजिक मूल्यों की पुनर्स्थापना है। कई विशेषज्ञ इसे ह्यडिजिटल फेयर प्लेह्व का नया युग मान रहे हैं।



गोदिया

साथियों बात अगर हम भारत में 35 करोड़ बच्चे,क्या ऐसा आंदोलन जरूरी है? इसको समझाने की करें तो, भारत दुनियाँ का सबसे युवा देश है। हमारे यहाँ 15 वर्ष तक के लगभग 35 करोड़ बच्चे हैं, जो किसी भी छोटे देश की कुल आबादी से कहीं ज्यादा हैं। भारत के माता-पिता की सबसे बड़ी चिंता यही है कि उनका बच्चा मोबाइल पर क्या देख रहा है, किससे बात कर रहा है, क्या सीख रहा है, और किस हद तक सोशल मीडिया के गलत प्रभावों में फंस रहा है।(1)भारत में कई चिंताजनक स्थितियाँ देखी जा रही हैंः(2)बच्चे साइबर बुलिंग के शिकार हो रहे हैं।(3)हिंसा और असामाजिक व्यवहार को एंटरटेनमेंट मानने लगे हैं।(4) पढ़ाई से दूरी बढ़ रही है।(5)नींद, मानसिक स्वास्थ्य औरसामाजिक व्यवहार तेजी से बिगड़ रहे हैं।(6)इन्फ्लुएंसर्स बच्चों के रोल मॉडल बन गए हैं।(7) गलत कंटेंट की पहुंच लगातार बढ़ रही है।-अगर देखा जाए तो भारत में समस्या ऑस्ट्रेलिया से कहीं अधिक गहरी है, क्योंकि यहाँ जनसंख्या ज्यादा है, मोबाइल पहुच अधिक है, और डिजिटल साक्षरता अपेक्षाकृत कम है।

साथियों बात अगर हम क्या भारत में सोशल मीडिया बैन बचपन बचाओ आंदोलन की दिशा में महत्वपूर्ण होगा? इसको समझने की करें तो,यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है,और इसका जवाब सरल नहीं है। भारत एक विशाल, विविध और जटिल लोकतंत्र है, जहाँ सोशल मीडिया अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, रोजगार बाजार और डिजिटल पहुँच का प्रमुख माध्यम है। परंतु यह भी सच है कि बच्चों की सुरक्षा किसी भी राष्ट्र की प्राथमिक जिम्मेदारी है।भारत में इस तरह का बैन लागू करना निम्न कारणों से प्रभावी हो सकता हैः(1)बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा-यदि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखा जाए, तो उनकी भावनात्मक स्थिरता, सामाजिक बुद्धि और वास्तविक जीवन के अनुभवों में सुधार होगा।(2)शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव-स्कूलों और घरों में डिजिटल ध्यानभंग कम होगा। बच्चे किताबों, खेलों और वास्तविक गतिविधियों में अधिक समय देंगे। (3)पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे-परिवार के साथ समय बिताने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। बच्चों का जीवन डिजिटल आइसोलेशन से बाहर आएगा।(4)टेक कंपनियों परदबाव-किसी भी प्लेटफॉर्म की कमाई तब तक नहीं रुकेगी जब तक वह भारत जैसे बड़े बाजार को महत्व देता है। यदि भारत कड़े नियम लागू करे, तो कंपनियाँ वैश्विक नीतियों को भी बदलने पर मजबूर हो जाएँगी।(5) डिजिटल साक्षरता आंदोलन-इससे भारत में एक व्यापक डिजिटल नैतिकता आंदोलन की शुरूआत हो सकती है। साथियों बात अगर हम भारत के सामने चुनौतियाँःक्या यह आसान होगा? इसको समझने की करें तो भारत में इस तरह के प्रतिबंध लागू करने में प्रमुख चुनौतियाँ रहेंगी :(1)विशाल जनसंख्या और तकनीकी ट्रैकिंग की कठिनाई(2)डिजिटल पहचान सत्यापन की जटिलता (3) ग्रामीण इलाकों में तकनीकी ढांचा (4) डिजिटल अधिकार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बहस(5)बच्चों और माता-पिता के बीच विश्वास का मुद्दा (6) विरोध करने वाली टेक कंपनियों की लॉबिंग,लेकिन यह भी सच है कि कोई भी बड़ा सुधार चुनौती- फ्री नहीं होता। अगर बच्चों का भविष्य दांव पर हो तो कठिन रास्तों पर चलना भी संभव और आवश्यक होता है।

## मोनिका डागा
## हेल्दी फूड्स
## कविता



सात रंगों के है सात चक्र सात रंगों की सात रोशनी,
लाल, नारंगी, पीला, हरा,नीला, जामुनी और बैंगनी,
प्राणिक ऊर्जा जीवन चक्र इन्हीं सातों रंगों का है मेल,
प्रतिदिन करना होगा हमें भोजन में नित इनका तालमेल।

चलो आज खोलते हैं तन्दरूस्त सेहत का न्यू चैप्टर,
जानते हैं कुछ हेल्दी फूड्स फॉर हेल्दी बॉडी फैक्टर,
धरा पर मानव को प्रकृति ने दिया ये ₹आनंद₹ खजाना,
अनाजों फलों-सब्ज़ियों बीजों मेवों में है अमृत सुहाना।

संतरा, सेब, केला, जामुन, ब्लूबेरी, अमरूद और अनार,
सभी अति आवश्यक विटामिन्स की फलों में है भरमार,
चुकंदर, गाजर, ब्रोकली, टमाटर, खीरा, पालक व केले,
विभिन्न प्रकार के खनिज लवण इनमें स्वाद में अलबेले।

सप्त धान ज्वार, गेहूँ, चावल, मूँग, उड़द, तिल व बाजरा,
इनकी अलग-अलग उपयोगिता व स्वास्थ्य से जुड़ाव गहरा,
आगे है मेथी, तुलसी, पुदीना, धनिया, सौंफ, जीरा, राई,
हल्दी, कालीमिर्च, दालचीनी, लौंग, इलायची खाओ भाई।

प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट वसा खनिज लवण व विटामिन्स,
शामिल करें संतुलित आहार में आप इनको प्रतिदिन,
भोजन में सभी तत्वों के सम्मिश्रण से दिखेगा असर,
रोगप्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी कोशिकाओं के अन्दर।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सर्दियों की ठिठुरन मिटाएं: भारत की ये 5 गर्माहट भरी जगहें बनेंगी परफेक्ट विंटर गेटवे

सर्दियों के मौसम में सुबह उठते ही रजाई छोड़ने का मन नहीं करता और नहाने का नाम लेते ही कंपकंपी शुरू हो जाती है। यदि आप भी इस कड़ाके की ठंड से बचना चाहते हैं, तो किसी शानदार बीच वैकेशन पर जाना बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप भी इन बीच प्लेसेस पर जरुर घूमने जा सकते हैं। सर्दियों के मौसम में सुबह उठते ही रजाई छोड़ने का मन बिल्कुल भी नहीं करता है। नहाने के नाम से कंपकंपी शुरू हो जाती है। अगर आप भी ठिठुरन वाली सर्दी से बचना चाहते हैं, तो आप शानदार बीच वैकेशन पर जा सकते हैं। आने वाले दिनों में उत्तर भारत में ठंड का ऐसा कहर देखने को मिलेगा किह कि सूरज देवता भी कोहरे की चादर ओढ़कर सो रहे होंगे। चार-चार स्वेटर पहनने के बाद भी जब ठंड हड्डियों तक पहुंचने लगे, तो समझ आता है कि सर्दी अपने चरम पर है। ऐसे में आपके मन में एक ही सवाल आता है कि काश कही थोडी धूप और हल्की गर्माहट मिल जाए। ऐसे में आप सर्दी में विटामिन डी यानी भरपूर धूप लेने के लिए समुद्र की लहरों में छुट्टियां बिता सकते हैं। इस लेख में हम आपको 5 ऐसी जादुई जगहों के बारे में बताएंगे, जहां पर आप सर्दी में छुट्टी मनाने के लिए जा सकते हैं।



**गोवा:** सर्दियों में धूप का नाम लिया जाए और गोवा का ख्याल न आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। जब बाकी देश स्वेटर में ठिठुर रहा होता है, तब गोवा में लोग टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहनकर समुद्र किनारे मजे कर रहे होते हैं। दिसंबर और जनवरी में यहां का मौसम न तो बहुत गर्म होता है और न ही ठंडा बिल्कुल परफेक्ट होता है। ठंडी ड्रिंक्स के साथ सनबाथ लेने का मजा ही कुछ और है।

**पुडुचेरी:** अगर आप शोर-शराबे से दूर जाना चाहते हैं, तो पुडुचेरी जरुर जाएं। यहां की फ्रेंच वास्कुला, रंग-बिरंगे घर और खूबसूरत समुद्र तट आपको एकदम हटके फील कराएंगे। पुडुचेरी का मौसम इतना प्यारा है कि आप आराम से साइकिल चलाकर पूरा शहर घूम सकते हैं। इधर आप फ्रेंच कैफे में बैठकर फ्रेच खाने का मजा ले सकते हैं।

**अंडमान और निकोबार:** यदि आपका बजट जबरदस्त है, तो आप अंडमान और निकोबार घूमने जा सकते हैं। यहां का नीला पानी और सफेद रेत आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। यहां आप स्कूबा डाइविंग जैसे वॉटर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते हैं। अंडमान और निकोबार में पानी के अंदर की दुनिया देखने के लिए सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। इस मौसम में यहां का पानी एकदम साफ और शांत नजर आता है।

**गोकर्ण, कर्नाटक:** अगर आप गोवा नहीं जाना चाहते हैं, तो इस ऑफबीट जगह पर जरुर जाएं। भीड़भाड़ से दूर गोकर्ण एक छिपा हुआ खजाना है। यहां के ओम बीच और कुडल बीच बेहद ही शांत और साफ है। इसके अलावा, आप यहां पर मंदिर के दर्शन के साथ ही समुद्र की लहरों का आनंद ले सकते हैं। यहां पर आप डूबते हुए सूरज देखने का नजारा का आनंद ले सकते हैं।

**केरल:** यहां की हरियाली और बैकवाटर्स सर्दियों में और भी खूबसूरत हो जाते हैं। यहां पर आप मुन्नार के चाय बागनों में घूम सकते हैं या अल्लेप्पी में हाउसबोट पर रहकर पानी के बीच सुकून के पल बिता सकते हैं। यहां पर आपको नॉर्मल मौसम मिलेगा, क्योंकि यहां ठंड नहीं पड़ती, बल्कि हल्की-मीठी सी ठंडक होती है, जो काफी सुकून पहुंचाती है।

# ऑफिस में चाहिए परफेक्ट लुक, अपनाएं ये मिनिमल मेकअप टिप्स, आत्मविश्वास बढ़ेगा

हर एक लड़की अपने ऑफिस में परफेक्ट दिखना चाहती हैं। लड़कियों का आत्मविश्वास मेकअप और ड्रेसिंग सेंस बढ़ जाता है। लेकिन कई लड़कियां ऐसी भी होती हैं, जिनको यह समझ नहीं आता है कि ऑफिस या मीटिंग में जाने के लिए उनको कैसा मेकअप करना चाहिए। आज के समय में लड़कियां और लड़के एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। लड़कियां अपने करियर को प्राथमिकता दे रही हैं और ऑफिस जाती हैं। करियर के साथ ही लड़कियां अपने लुक्स पर भी ध्यान देती हैं। हर एक लड़की अपने ऑफिस में परफेक्ट दिखना चाहती हैं। लड़कियों का आत्मविश्वास मेकअप और ड्रेसिंग सेंस बढ़ जाता है। लेकिन कई लड़कियां ऐसी भी होती हैं, जिनको यह समझ नहीं आता है कि ऑफिस या मीटिंग में जाने के लिए उनको कैसा मेकअप करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऑफिस के हिसाब से मेकअप करने के सही तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह का मेकअप करके आप ऑफिस में अपने लुक को परफेक्ट दिखा सकती हैं।

**हल्का रखें बेस**

ऑफिस के हिसाब से अगर आप अपना मेकअप कर रही हैं, तो बेस को हल्का रखना चाहिए। ध्यान रखें कि फाउंडेशन आपकी स्किन टोन से मैच करता हुआ हो। बेस लगाते समय चेहरे के दाग-धब्बों को कंसीलर की सहायता से कवर कर लें।

**हल्का ब्लश**


अपने ऑफिस लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप हल्के गुलाबी या पीच रंग के ब्लश का इस्तेमाल करें। आप फेस पर ग्लो लाने के लिए हाइलाइटर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**आंखों पर लगाएं न्यूड कलर**

ऑफिस में आखों पर मेकअप करने के लिए न्यूड पैलेट से रंगों का चयन करना चाहिए। इससे आपकी आंखें बड़ी लगेंगी। अब आईब्रो को हल्का सेट करें।

**लिपस्टिक**

डार्क रंग के फॉर्मल के साथ आप ब्राउन या रेड रंग की लिपस्टिक लगा सकती हैं। अगर आपका आउटफिट लाइट रंग का है, तो इसके साथ न्यूड रंग की लिपस्टिक कैरी कर सकती हैं।



# देहात कोतवाली क्षेत्र की शेखपुरा कदीम पुलिस चौकी में लोगों की मीटिंग कर नशे के प्रति जागरूक किया

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर**। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र-ऊकऋ अभिषेक सिंह के कड़े एक्शन के चलते एवम एसएसपी आशीष तिवारी के दिशा निर्देश पर जनपद भर में नशा तस्करो पर लगातार कारवाई की जारही है ऑपरेशन सवेरा 2.0- नशा करने वाले व मादक पदार्थ की अवैध रूप से बिक्री करने वालों के विरुद्ध देहात कोतवाली क्षेत्र की शेखपुरा कदीम पुलिस चौकी में लोगों की मीटिंग कर नशे के प्रति जागरूक किया और नशा करने वालों को रोकने की सपत दिलाई। शेखपुरा कदीम चौकी प्रभारी नरेन्द्र भड़ाना ने कहा नशा करना शरीर के लिए हानिकारक है,इस लिए नशे के अंधकार से दूर रहें। नशा मुक्ति को लेकर सरकार भी बार बार तरह तरह के अभियान चलाकर आपको जागरूक करने के प्रयास में लगी है,कि नशे के अंधकार से दूर रहकर कभी उजाले की और बढ़कर देखो,तब आपको मालूम होगा,कि उजाला आपके शरीर व आपके परिवार के लिए लाभकारी है पुलिस टीमे चौपाले लगाकर लोगों को जागरूक कर रही है,कि नशे का अंधकार छोड़ो,उजाले की और बढो शेखपुरा कदीम पुलिस चौकी प्रभारी नरेन्द्र भड़ाना ने कहा,यदी कोई भी,अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री करते पाया जाता है,तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। इस मौके पर भारी सख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# मौत नजदीक थी उम्मीद दूर थी तभी फरिश्ता बनकर पहुँचे गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

गागलहेड़ी पुलिस ने एक मंदबुद्धि युवक की जान बचाकर मानवता की मिशाल पेश की है - गुरुवार की सुबह कड़ाके की ठंड में एक मंदबुद्धि युवक धर्मवीर कालोनी में तालाब में गिर गया - जिसे सूचना पर पहुँचे थानां प्रभारी प्रवेश शर्मा ने अपनी गोद मे उठाकर सरकारी गाड़ी से अस्पताल भिजवाया है जिससे से युवक की जान बच गई पुलिस के इस कार्य की कालोनी वालो ने सरहाना की है तालाब काफी गहरा है जिसमे दल दल भी है व पानी की सतह पर काफी घास फैली हुई है तालाब के अंदर घुसने से लोग डर रहे थे कि कही डूब न जाये - लेकिन गागलहेड़ी थानाध्यक्ष प्रवेश शर्मा ने बड़ा साहस कर युवक को तालाब से बाहर निकला और अस्पताल भिजवाया तब कही जाकर मंदबुद्धि युवक की जान बची।



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर/ बुलंदशहर/** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद बुलंदशहर के 16 ब्लॉकों के 130 जोडो का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। गुरुवार को शिकारपुर के रामलीला ग्राउंड में आयोजित समारोह में 160 जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जबकि 130 जोड़ों का विवाह हुआ।जिसमें 118 जोड़ों ने लिए सात फेरे और 12 मुस्लिम जोड़ों का निकाह हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में खुश दिखाई दिए शादी के बंधन में बधे जोड़े।एक ही पंडाल के नीचे एक तरफ पंडित हिंदू रीति रिवाज से विवाह पढ़ रहे थे, तो दूसरी तरफ काजी मुस्लिम रीति रिवाज से पढ़ रहे निकाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में कन्याओं के लिए 60 हजार रुपए, की सहायता राशि कन्या के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। इसके अतिरिक्त 25000रुपए मूल्य की वैवाहिक.उपहार सामग्री भी दी गई, और आयोजन के लिए 15000 रुपए खर्च किए गए। वही विवाह स्थल पर कुछ जोड़े फर्जी तरीके से रजिस्ट्रेशन कराने वाले भी पहुंचे जिनको अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल से दिखाया बाहर का रास्ता। सामूहिक विवाह के शुभ अवसर पर मौजूद रहे शिकारपुर विधायक अनिल शर्मा, समाज कल्याण अधिकारी रंजना सिंह ,शिकारपुर ब्लॉक प्रमुख पंकज कुमार गौतम, शिकारपुर बीडीओ, विभोर गुप्ता दानपुर ब्लॉक प्रमुख आनंद लोधी शिकारपुर नगर पालिका चेयरपर्सन राजबाला सैनी, ईओ नीतू सिंह मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग बीडीओ पहासू नरेंद्र शर्मा एडीओ पंचायत शेरपाल सिंह एडीओ समाज कल्याण नपेन्द्र यादव राज बहादुर सिंह सेकेट्री राजकुमार अशोक मोहित कुमार सुनील कुमार सत्यप्रकाश गौतम देवेंद्र सिंह मोहित चौधरी नत्थी सिंह विकेश शर्मा एडीओ पंचायत सोमवीर सिंह पूर्व प्रधान करीरा प्रमोद कुमार राजू प्रधान हजरतपुर मनोज प्रधान सलेमपुर दीपक राजौरा जलालपुर करीरा शिव कुमार प्रधान बोहिच सुरेश प्रधान नवादा और काफी तादात में अतिथि गण मौजूद रहे, सभी ने नवविवाहित जोड़ों के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजना गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत है। 16 ब्लॉक से जोड़ों के साथ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे जिसमें बुलंदशहर सिकंदराबाद गुलावठी जहांगीराबाद अनूपशहर ऊंचागांव दानपुर डिबाई पहासू शिकारपुर खुर्जा अरनिया लखावटी स्याना बीबी नगर जहांगीराबाद शामिल हैं। यह कार्यक्रम शिकारपुर बीडीओ विभोर गुप्ता एडीओ समाज कल्याण विभाग नपेन्द्र यादव के नेतृत्व में तथा व्यवस्था विशेष सहयोगी रहे नत्थी सिंह आदि कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अनीता त्यागी ने किया।

# देवनगरी हरिद्वार में वैदिक पब्लिकेशन द्वारा रामानुज साहित्यिक सम्मान समारोह का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर** : देवनगरी हरिद्वार में वैदिक पब्लिकेशन द्वारा ₹रामानुज साहित्यिक सम्मान समारोह -2025₹ का आयोजन किया गया।

सम्मान समारोह में 12 वर्ष की बाल साहित्यकार वरेण्या कृष्णा सरोहा को साहित्य में योगदान देने के लिए ₹रामानुज साहित्यिक सम्मान 2025₹ से अलंकृत किया गया ।वरेण्या को यह उपलब्धि उनके द्वारा रचित ₹आधी रात का चांद ₹शीर्षक नाटक पर दी गई। वरेण्या अब तक 35 से अधिक कविताएं, कहानी, लेख आदि लिख चुकी है। वरेण्या ने अपने नाटक के बारे में बताया कि ये एक परिवारिक द्वंद्वों पर आधारित है।

समारोह में देशभर से अनेकों कवि , रचनाकार, साहित्यकार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों के रूप में अजीत आर्य, डॉ अरुण कुमार शास्त्री, समन्वयक नीतू कुमारी और वरिष्ठ सलाहकार अंजली सारस्वत उपस्थित रहे। अन्य साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। सभी ने उनकी रचनाओं की प्रशंसा की। वैदिक पब्लिकेशन की प्रकाशक प्रशस्ति सचदेव ने भी वरेण्या के नाटक की बहुत प्रशंसा की ।समारोह में प्रबंधक गौरव शर्मा, सह प्रकाशक राधा मिश्र शर्मा, अरुण राठौर, दीपक सरोहा, अनु, अद्वैत नारायण सरोहा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक मिश्रा अभिव्यक्ति , कवियत्री हिना कौशर एवं कवि सुनील सैनी ने संयुक्त रूप से किया।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर ने रात्रि में नगर पालिका बिजनौर द्वारा संचालित रैन बसेरा का स्थलीय निरीक्षण किया

**वेलकम इंडियन : नितिन शर्मा**



**बिजनौर**। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा रात्रि में नगर पालिका बिजनौर द्वारा संचालित रैन बसेरा तथा शहर के मुख्य चौराहों पर जलाए जाने वाले अलाव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम इंदिरा बाल भवन के करीब स्थानीय नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा संचालित रैन बसेरे का विस्तृत मुआयना किया और वहां रात्रि में प्रवास करने वाले लोगों के रात्रि विश्राम एवं उन्हें ठंड से सुरक्षित रखने के लिए लिहाफ, गद्दे, बेड आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सर्दी के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत रैन-बसेरे में प्रवास करने वाले यात्रियों एवं बेसहारा लोगों को सर्दी से बचाव के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं अद्यतन रखें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उसके बाद जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा शहर बिजनौर के मुख्य चौराहों यथा रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नगर पालिका चौक, शक्ति चौक, जजी चौक, जानी का चौराहा सहित अलाव जलाए जाने वाले चयनित स्थानों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि सभी चौराहों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जाने की व्यवस्था को बनाए रखें और यदि रात्रि में कहीं कोई असहाय व्यक्ति या यात्री सहायता योग्य पाया जाए तो तत्काल रैन-बसेरे में उसके प्रवास की व्यवस्था करें।

# पटाखा फैक्ट्री की लैब यूनिट में आग लगने से हड़कंप



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नहटौर क्षेत्र के गांव आंकू में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री की लैब यूनिट में गुरुवार सुबह आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि लैब यूनिट की टीन तक उड़ गई। हालांकि, घटना के समय कर्मचारी बाहर नाश्ता कर रहे थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 8-30 बजे गांव आकू में नहर के पास स्थित श्री जी फायर वर्ड्स फैक्ट्री में लैब यूनिट में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि लैब यूनिट की टीन तक उड़ गई। हालांकि, घटना के समय कर्मचारी बाहर नाश्ता कर रहे थे, जिससे एक

बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि आग बारूद के आपसी घर्षण के कारण लगी थी। कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया। सूचना मिलने पर इस पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। अनुभव वर्मा के अनुसार, घटना में करीब 40 से 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। कोई जनहानि नहीं हुई है। एसडीएम स्मृति मिश्रा, सीओ नगीना अंजनी कुमार, सीओ फायर रार्ज राजीव कुमार पांडे, तहसीलदार धनराज कुमार, थानाध्यक्ष धीरज नागर, नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय लेखपाल, आदि ने मौका मुआयना किया। एसडीएम स्मृति मिश्रा ने बताया कि मौका मुआ मुआयना किया गया है फिलहाल फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

# साइबर अपराध रोकथाम जागरूकता अभियान टोल फ्री नंबर 1930 पर करें कॉल




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर स्योहारा थाना क्षेत्र के कस्बे में पूर्व ग्राम प्रधान नफीस अहमद के मकान पर शान के आदेश पर चल रहे साइबर अपराध रोकथाम के विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में एसएसआई सुरजीत सिंह एवं क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने स्थानीय लोगों को साइबर ठगी से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी अधिकारियों ने बताया कि बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड बैंकिंग धोखाधड़ी फेक कॉल संदिग्ध लिंक तथा सोशल मीडिया हैकिंग से बचने के लिए सतर्क रहना बेहद आवश्यक है उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना होती है तो बिना देरी किए टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं ताकि समय रहते लेनदेन को रोका जा सके अनजान नंबरों से आए लिंक कॉल और डळढ किसी भी हाल में शेयर न करें ऑनलाइन पेमेंट करते समय दफ कोड स्कैन करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांचें बैंक पुलिस या किसी संस्था का कर्मचारी कभी भी फोन पर डळढ या अकाउंट डिटेल नहीं मांगता सोशल मीडिया अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और दो-स्तरीय सुरक्षा अवश्य सक्रिय करें यदि ठगी हो जाए तो घबराएं नहीं तुरंत 1930 पर कॉल करें और नजदीकी साइबर हेल्प डेस्क को सूचित करें कार्यक्रम में अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं सतर्क रहें और अपने परिवार पड़ोस व समाज में साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जागरूकता फैलाएँ।

# फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत स्कूल के विद्यार्थियों हेतु कार्यक्रम किया आयोजित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर नगीना**। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना पर जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूल स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम दोदराजपुर के कालेज में छात्र -छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी निबंध प्रतियोगिता व ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन कर ,कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण ,-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम दोदराजपुर स्थित श्यामलता देवी मेमोरियल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के प्रभारी अधिकारी डा. के. के. सिंह ने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए फसल अवशेष को जलाने से मनुष्य को स्वास्थ्य संबंधी होने वाले नुकसान संबंध में विस्तार से जानकारी देकर बताया कि फसल अवशेष के जलने पर धुएं से निकलने वाले महीन कण फेफड़ों में प्रवेश कर जाते है जिससे हृदय में परेशानी होती है और परिणाम घातक हो जाते हैं कार्यक्रम को कृषि वैज्ञानिक डा. शिवांगी , डॉ पिन्टू कुमार ,डा. प्रतिमा सिंह व कालेज के प्रधानाचार्य संतोष पटेल ने संबोधित करते हुये फसल अवशेष से होने वाले नुकसान के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी लेकर फसल अवशेष न जलाने के लिए जागरूक किया।

# स्टे आर्डर होने पर जमीन पर कब्जा दिलाने आई टीम फिर बैरंग लौटी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर धामपुर स्थानीय मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित 190 वर्ग गज भूमि को लेकर दो पक्षों के बीच पिछले कई सालों से चल रहा विवाद आज फिर तनाव का रूप ले बैठा, लेकिन अदालत के हस्तक्षेप और पुलिस प्रशासन की सखूती के कारण किसी अनहोनी से बचाव हो सका। मामला बेहद संवेदनशील होते हुए भी आज पटाक्षेप नहीं हो सका जानकारी के अनुसार पहला पक्ष फैज चौधरी पुत्र चौधरी नवाब अहमद भूमि को अपना बताते हुए अदालत के आदेश के आधार पर बैनामा कराकर कब्जा लेने पहुंचा था, वहीं दूसरा

पक्ष शब्बन पुत्र अब्दुल रहीम उर्फ अब्दुल रहमान निवासी मौहल्ला बाड़वान व फरीद अहमद पुत्र फजल अहमद निवासी पहाड़ी दरवाजा का दावा है कि यह जमीन वक्फ की संपत्ति है और वे पिछले 29 वर्षों से किराएदार हैं। इसी दावे को आधार बनाकर उन्होंने अदालत से यथास्थिति ( स्टे ऑर्डर ) ले रखा है। जैसे ही पहला पक्ष अपने समर्थकों के साथ कब्जा लेने पहुंचा दूसरे पक्ष ने स्टे ऑर्डर दिखाया। जिसके बाद करीब डेढ़ घंटे तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। स्थिति बिगड़ने की आशंका के चलते पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग किया और भारी पुलिस बल तैनात किया। लोगों और

आसपास के व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया और क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस की सखूत निगरानी और अदालत के आदेश के चलते पहला पक्ष कब्जा नहीं ले सका और उसे खाली हाथ लौटना पड़ा। जामा मस्जिद के पास पड़ी यह जमीन अब स्थानीय विवाद का खतरनाक केंद्र बन चुकी है। यदि विवाद का जल्द समाधान न हुआ, तो किसी बड़े टकराव की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन ने फिलहाल क्षेत्र में शांति बनाए रखने हेतु चौकसी बढ़ा दी है।

# बहेड़ी ब्रह्मनान में एसआईआर का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण

**मुरादाबाद**। जनपद की ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रह्मनान के बूथ सं. 363 कम्पोजिट विद्यालय से सम्बन्धित विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण हो गया है। ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज ने बताया कि बूथ से सम्बन्धित बूथ लेवल आफिसर कुलदीप कुमार की लग्न एवं परिश्रम से पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध रूप से शत–प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। उन्होंने पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने वाले सभी महानुभाव एवं बीएलओ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रधानाचार्य और अध्यापक के सस्पेंशन पर छात्रों ने किया प्रदर्शन, प्रबन्धन पर घूस लेने और धमकाने का लगाया आरोप

वेलकम इंडिया



**मथुरा/मगोर्रा।** कस्बा स्थित जनता इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के गेट पर प्रधानाचार्य और अध्यापक के निलंबन के विरोध में प्रदर्शन किया। छात्रों ने प्रबंधन पर घूस लेने और धमकाने का आरोप लगाते हुए प्रिंसिपल व अध्यापक को दोबारा स्कूल में बुलाने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यापिका संजू शर्मा लंबे समय से स्कूल नहीं आ रही थी उनके पूर्ण वेतन भुगतान को लेकर प्रिंसिपल प्रवीण सिंह पर आरोप लगाए जा रहे थे जिसके बाद प्रबंधन ओमवीर सिंह ने प्रधानाचार्य प्रवीण सिंह को निलंबित कर दिया। प्रिंसिपल प्रवीण सिंह ने बताया कि प्रबंधन ओमवीर सिंह अध्यापिका संजू शर्मा से पैसे लेकर उनकी उपस्थिति दर्ज करते थे जब प्रधानाचार्य को इस बात का पता चला और उन्होंने पूर्ण वेतन सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया तो प्रबंधक ने उन्हें धमकाया, प्रबंधक ने कहा कि यदि वह हस्ताक्षर नहीं करेंगे तो उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा और उनकी जगह नया प्रिंसिपल यह काम करेगा। छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान प्रबंधक ओमवीर सिंह पर छात्रों को भी धमकाने का आरोप लगाया है, उन्होंने कथित तौर पर छात्रों से कहा कि यदि वे शोर बंद नहीं करेंगे तो उन्हें निष्कासित कर दिया जाएगा उनकी टीसी काट दी जाएगी और उनका पूरा साल बर्बाद कर दिया जाएगा छात्रों ने प्रबंधक द्वारा ऐसी कई धमकियां दिए जाने का आरोप लगाया है ।

इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगों और छात्र-छात्राओं में मिलकर थाना मगोर्रा में एक शिकायती पत्र के माध्यम से दी है

# बैंक परिसर में ग्राहक सेवा दिवस के मौके पर गोष्ठी का आयोजन किया गया

बुलंदशहर अहार क्षेत्र के गांव मौहरसा स्थित पंजाब नेशनल बैंक परिसर में ग्राहक सेवा दिवस के मौके पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैंक अधिकारी अभय कुमार ने बैंक द्वारा दी विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एफ डी ओ आर डी जैसी योजनाओं में अधिक से अधिक धनराशि जमा कर अधिक ब्याज मिलने का लाभ उठाना चाहिए। इसके बाद बैंक प्रबंधक केशव कुमार शर्मा ने भी लोगों को विस्तृत जानकारी दी। इस ग्राहक गोष्ठी में बैंक कर्मचारी जोगेन्द्र, महेश चंद्र, राजेश कुमार समेत ग्राहक मुकेश कुमार लोधी, गजेन्द्र सिंह, घनश्याम सिंह, आदि मौजूद रहे।

# गोवर्धन के देवसेरस गांव में पुलिस की छापेमारी, 12 से अधिक लोग हिरासत में, साइबर अपराधों के संबंध में पूछताछ


वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** पुलिस ने गुरुवार तड़के थाना क्षेत्र के देवसेरस गांव में सर्च ऑपरेशन चलाया। साइबर अपराधियों का गढ़ माने जाने वाले इस गांव को 'मिनी जामताड़ा' के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस ने यहां से 12 अधिक लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे साइबर अपराधों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। सुबह-सुबह अधिकारी भारी फोर्स के साथ देवसेरस गांव पहुंचे। पुलिस को देख लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने तुरंत स्थिति को नियंत्रण में ले लिया। यह ऑपरेशन मथुरा पुलिस की सुनियोजित रणनीति का हिस्सा था, जिसमें जिले के कई थानों का बल शामिल था। पुलिस ने अपराधियों के संभावित ठिकानों पर गहन तलाशी ली। ऑपरेशन की गोपनीयता बनाए रखने और किसी भी हस्तक्षेप से बचने के लिए स्थानीय थाना पुलिस, क्षेत्राधिकारी और इलाके के एडिशनल एसपी को इससे दूर रखा गया था। सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया। इन सभी से साइबर अपराधों से जुड़ी जानकारी जुटाने के लिए पूछताछ की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि हिरासत में लिए गए लोगों के तार बड़े साइबर क्राइम रैकेट से जुड़े हो सकते हैं। मथुरा पुलिस का यह अभियान जिले में संगठित अपराधों, विशेषकर साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति का स्पष्ट संकेत है।

# मथुरा में बड़ा खुलासा, बाल पोषाहार शिकायत पर पहुंचा एक्सपायरी राशन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी बाल पोषाहार योजना को मथुरा जनपद में खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा लाभार्थियों को एक्सपायरी और जहरनुमा राशन दिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। ताजा मामला चौमुंहा ब्लॉक के गांव औधूता का है, जहां शिकायत के बाद आंगनवाड़ी टीम द्वारा शिकायतकर्ता के घर तीन महीने का पोषाहार तो पहुंचा दिया गया, लेकिन जब राशन की जांच की गई तो सोयाबीन तेल का पैक 11 महीने पुराना व एक्सपायरी पाया गया। शिकायतकर्ता विष्णु के अनुसार, उन्हें पिछले तीन महीनों से केंद्र से राशन नहीं मिल रहा था। कई बार कहने पर आंगनवाड़ी कर्मियों ने कह दिया कि आपका राशन पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेज दिया गया है। इसके बाद शिकायतकर्ता ने यह मामला सीडीपीओ चौमुंहा वंदना सिंह और मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराया। शिकायत के बाद आंगनवाड़ी कार्यकत्री बृजलता उर्फ सपना घर पहुंची और तीन महीने का पोषाहार दिया, जो कि एक्सपायरी निकला। विष्णु ने बताया कि शिकायत पर जब उन्होंने विरोध किया तो आंगनवाड़ी कार्यकत्री का कहना था कि हमारे पास स्वयं सहायता समूह सुभाष द्वारा ऐसा ही राशन भेजा गया है। सीडीपीओ वंदना सिंह ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन तो दिया, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस एक्शन नहीं लिया गया।

# महिला सैल प्रभारी बोबेश टूटे घरों को बसाने का फिर से कर रही कार्य



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** प्रभारी महिला सैल बोबेश/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप 01 दम्पति को एक साथ रहने हेतु किया गया राजी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में- गुरुवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 01 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक-दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। प्रभारी महिला सैल/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।

# पुलिस टीम पर हमले के मामले में मिली जमानत

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसीः-** हत्यारोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में दो आरोपितों को कोर्ट से राहत मिल गई प्रभारी जिला जज संध्या श्रीवास्तव की अदालत ने सारनाथ निवासी सुशील यादव व चौबेपुर निवासी गौतम यादव को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया है अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव, यशपाल यादव व संदीप यादव ने पक्ष रखा।अभियोजन पक्ष के अनुसार सर्विलांस प्रभारी देवरिया के निरीक्षक सादिक परवेज ने सारनाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी आरोप था कि देवरिया जनपद के कोतवाली में दर्ज हत्या के एक मामले में वह सात दिसंबर 2025 को सारनाथ थाने पर बैठे थे उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त मामले का वांछित आरोपी सुनील यादव बुद्धा सिटी कालोनी, सारनाथ स्थित अपने घर पर मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है इस सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम के साथ आरोपित की गिरफ्तारी के लिए स्थानीय सारनाथ थाने की पुलिस टीम के साथ उसके घर पर दबिश दी गई पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास किया ।

# खड़े ट्रक से टकराकर बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**बुलंदशहरः** सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराकर बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत, दूसरा साथी मामूली रूप से घायल। हादसे के वक्त अपने साथी सगीर के साथ गुलावठी से खरीदारी कर बाईक से घर लौट रहा था गांव खुशहालपुर निवासी 35 वर्षीय मृतक जितेंद्र उर्फ भीम पुत्र राजमल सिंह हापुड़-बुलंदशहर मार्ग पर गुलावठी कोतवाली क्षेत्र के मिट्ठेपुर गांव में हुई दुर्घटना। बिजली फिटिंग का कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था मृतक भीम पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया है।

पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेज मामले की कार्रवाई और जांच में जुटी है पुलिस।

# श्रीराम बायो सीडस जेनेटिक्स लिमिटेड हैदराबाद के खिलाफ एफआईआर

वेलकम इंडिया

**अकेले मथुरा जनपद में 28 कुंतल बीज बेच गई कंपनी**

**मथुरा।** बाजार की हाइब्रिड किस्मों से अच्छा उत्पादन मिलता है। इसी कड़ी में मथुरा जनपद में भी श्रीराम बायो सीट्स जेनेटिक्स लिमिटेड हैदराबाद की हाइब्रिड बाायाे 8145 किस्म का 50 कुंताल बीज मंगाया गया। इस बीज को जिन 472 किसानों ने लगाया उनकी फसल नहीं उगी। बीज की सैंपलिंग और नमूनों फेल होने के बाद जिला कृषि अधिकारी ने कंपनी के खिलाफ थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गत मई माह में जनपद के 10 ब्लाकों पर स्थित कृषि रक्षा इकाइयों के माध्यम से कंपनी के प्रतिनिधियों ने इस बीज को बेचा? ।बीज विक्रय भी सरकारी अनुबंध के तहत ही हुआ।बीज की आपूर्ति राष्ट्रीय बीज निगम के माध्यम से की गई लेकिन 3 जून को ही विभाग के पास बीज के अंकुरित ना होने की (शिकायतें आने लगी। आनन- फानन में बीज की बिक्री रोकी जाती तब तक 28 कुंतल बिक चुका था। एक दर्जन किसानों की शिकायतों के आधार पर जिला कृषि अधिकारी ने जगह-जगह से बीज के नमूने लिए। इन्हें प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा गया तो जमाव में बीज का नमूना फेल आया। इसी किसने की शिकायत पुष्ट हो गई। जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार ने बताया की फिर से पर्व ही निदेशालय स्तर को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत करा दिया गया है। अधो मानक बी की आपूर्ति करने वाली कंपनी ने ज्यादातर किसानों को बीज का पैसा लौटा दिया है। कुछ किसानों को अभी भी बीच का पैसा वापस करना है। करीब ढाई हजार किसानों की बाजार की फसल की तैयारी की लागत और फसल बर्बाद होने के नुकसान की भरपाई के सवाल पर उन्होंने कहा की विधिक कर्यवाही।

# आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव ने वाराणसी स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर विशेष अभियान चलाकर किया चेकिंग

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसीः-** रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा स्टेशन वाराणसी पर अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म एवं टिकट घर की सघन चेकिंग की गई इस दौरान यात्रियों से अपील की गयी कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का लिया दिया ना खाएं ना पिए जिससे वह किसी जहर खुरानी का शिकार ना हो यदि यात्रा के दौरान कोई भी समस्या होती है तो डायल 139 के माध्यम से तुरंत सूचना दें गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की गई सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही हैं वाराणसी कैंट स्टेशन आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव के निर्देशन में गुरुवार को स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर विशेष अभियान चलाकर चेकिंग की गई वाराणसी स्टेशन इन गेट स्थित रेल परिसर में ठेला लगाकर पेय पदार्थ बेचने के जुर्म में आरपीएफ वाराणसी द्वारा दो व्यक्तियों/वेंडरों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 144 के तहत मामला पंजीकृत किया गया तथा आरपीएफ वाराणसी, सीआईबी वाराणसी व कामर्शियल विभाग वाराणसी की संयुक्त टीम द्वारा स्टेशन वाराणसी प्लेटफार्म नंबर दो पर गाड़ी संख्या- 19489 अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस में अवैध वेंडिंग करने के जुर्म में चार वेंडरों को गिरफ्तार किया गया जिनके विरुद्ध आरपीएफ वाराणसी में रेलवे एक्ट की धारा 144 में मामला पंजीकृत किया गया वाराणसी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो गाड़ी संख्या -18524 बनारस विशाखापट्टनम एक्सप्रेस में चैनपुलिंग करने के जुर्म में एक व्यक्ति के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 141 में मामला पंजीकृत किया गयो कुल सात के खिलाफ रेलवे एक्ट में मामला पंजीकृत किया गया ।

# हनुमान घाट पर पेशेवरों और कारीगरों के समूह ने किया स्नान, सुब्रमण्यम भारती के घर पहुंचकर जाना इतिहास



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** काशी तमिल संगमम्-4.0 में तमिलनाडु से आया पेशेवरों और कारीगरों का समूह गुरुवार को हनुमान घाट पहुंचा जहां सभी ने गंगा में स्नान कर मां का पूजा पाठ करते हुए सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगो गंगा स्नान के बाद समूह ने घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन-पूजन किया सभी लोगों को मंदिरों के इतिहास दिव्यता, भव्यता और इतिहास के बारे में जानकारी दी गई इसके उपरांत तमिल डेलीगेट हनुमान घाट स्थित सुब्रमण्यम भारती के घर गए वहां उनके परिवार के सदस्यों से उन्होंने मुलाकात की समूह के लोगों में काफी कुछ जानने की जिज्ञासा दिखी उन्होंने सुब्रमण्यम भारती के घर के समीप पुस्तकालय का भी भ्रमण किया और काफी कुछ वहां के बारे में जानकारी भी प्राप्त की सुब्रमण्यम भारतीय के घर पर भ्रमण करने के उपरांत है।

# महामंडलेश्वर ने विश्व हिंदू परिषद की बैठक में शामिल होकर साधू संतों की समस्याएं रखीं

**रामघाट/बुलंदशहर/**महामंडलेश्वर सुरेंद्रानंद गिरि महाराज ने नई दिल्ली नत्था सिंह वाटिका में केंद्रीय मार्ग दर्शक विश्व हिंदू परिषद की बैठक में शामिल होकर साधू संतो की समस्याएं रखीं जिस बैठक में सभी राज्यों के धमार्चार्य गण उपस्थित हुए एवं विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मंत्री, अध्यक्ष आलोक केंद्रीय संगठन मंत्री मिलिंद परांदे सहित परिषद के केंद्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे। महामंडलेश्वर स्वामी डॉ सुरेन्द्रानंद गिरी विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मार्ग दर्शक, रामघाट रामतीर्थ के बारे में उड़िया बाबा सरकार की तपोभूमि रामघाट के बारे में गंगा घाटों के बारे में रामतीर्थ रामघाट की महिमा बताई और सभी का ध्यान केंद्रित किया।

# कपसेठी पुलिस ने लूट के मुकदमें में त्वरित कार्यवाही करते हुये तीन नफर अभियुक्तगण को लूट के माल के साथ किया गिरफ्तार

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** पुलिस आयुक्त कमिशनरेट वाराणसी के द्वारा जुर्म एवं जरायम के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के कुशल निर्देशन एवं सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में रोकथाम जुर्म जरायम व विभिन्न मुकदमों में वांछित वारंटियों/अभियुक्तो के गिरफ्तारी के क्रम में उप निरीक्षक अभिषेक कुमार तिवारी मय हमराही कर्मचारीगण के क्षेत्र में मौजूद थो दिनांक 10 दिसम्बर 2025 को थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 191/2025 व धारा 309(4) बीएनएस से संबंधित अज्ञात अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध हमराही अधिकारी/कर्मचारीगण से चर्चा कर रहा था कि कि जरिये मुखबीर खास की सूचना मिली की साहब ग्राम पूराशिव चकलोला बाग में कुछ संदिग्ध लोग मौजूद है यदि जल्दी किया तो पकड़े जा सकते हैं मुखबीर खास की बात पर विश्वास कर हमराह अधिकारी/कर्मचारीगण को अवगत कराते हुये पुलिस टीम द्वारा तत्काल प्रस्थान कर ग्राम पूराशिव चकलोला बाग के पास पहुंचकर देखा तो तीन संदिग्ध लोग मौजूद मिले जिन्हे पुलिस बल द्वारा मौके पर हिकमतअमली करते हुये समय करीब 23.50 बजे कब्जा पुलिस में लिया गया तथा पकड़े गये लोगों से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम क्रमशः (1)- शिवम पटेल पुत्र मोतीलाल पटेल नि0 ग्राम रामपुर थाना कपसेठी वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष,(2)- छोटे लाल पुत्र हरिनाथ पटेल नि० ग्राम चकईपुर थाना नेवढियाँ जनपद जौनपुर उम्र करीब 23 वर्ष,(3)-आशीष पटेल पुत्र संतोष पटेल नि० ग्राम रामपुर थाना कपसेठी जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष बताया जिनके जमा तालाशी से कुल 45900 रुपये व एक अदद एंड्राईड मोबाइल रियलमी ब्रांड मिला जिसके संबंध में पूछने पर बताया कि साहब 9 दिसम्बर 2025 की रात में हमलोगों ने एक चार पहिया गाड़ी को रोककर डरा धमकाकर रुपये व मोबाईल को लूट लिया था तथा चालक से गाड़ी की चाभी छिनकर पास के झाड़ियों में फेंककर मौके से भाग गये थे बरामद माल व मोबाईल का 10 दिसम्बर 2025 को पंजीकृत मु0अ0सं0 309 (4) बीएनएस से संबंधित होना के तस्दीक होने पर पकड़े गये अभियुक्तगणे लूट के माल की बरादमगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी प्रभारी निरीक्षक थाना कपसेठी द्वारा मुकदमा पंजीकृत होने के पश्चात तत्काल एक्शन लेते हुये पुलिस टीम का गठन कर अज्ञात मुल्जिमान की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी हेतु क्षेत्र में मामूर किया गया था तथा पुलिस टीम के अथक परिश्रम से मुकदमा पंजीकृत होने के 12 घंटे के भीतर ही मुकदमे के अज्ञात मुल्जिमानो को पकड़ा गया और अभियुक्तगण के कब्जे से लूट के माल की सफल बरामदगी की गयी गिरफ्तार तीन नफर अभियुक्तगण को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय उपरोक्त के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गयो गिरफ्तार करने वाली टीम में सधुवन राम गौतम प्रभारी निरीक्षक थाना कपसेठी, वरिष्ठ उप निरीक्षक सोमन कुमार थाना कपसेठी, उप निरीक्षक राजेश सिंह प्रभारी चौकी बाजार कालिका थाना कपसेठी, उप निरीक्षक विनय कुमार प्रजापति प्रभारी चौकी धवकलगंज थाना कपसेठी, उप निरीक्षक अभिषेक कुमार तिवारी थाना कपसेठी, उप निरीक्षक शशांक राय थाना कपसेठी, हेड कांस्टेबल उमेश सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र यादव, कांस्टेबल आकाश कुमार सहित वाराणसी कमीशनरेट की पुलिस टीम शामिल रहीं ।

# एडीएम ने ठंड से बचाव और रैन बसेरा एवं अलाव आदि का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश ने कल दिनांक 10 दिसंबर को देर रात ठंड से बचाव के दृष्टिगत अलाव आदि का निरीक्षण करने हेतु भ्रमण के दौरान खलीलाबाद नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों मेहदावल बाईपास, रैन बसेरा बंजरिया, रेलवे स्टेशन खलीलाबाद में अर्द्ध रात्रि भ्रमण कर ठंड से बचाव हेतु असहायों व गरीबों को कंबल वितरित किया।

रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने वहां पर रुके लोगों से बातचीत की तथा व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में अलाव जलाने के लिए नगर पालिका खलीलाबाद के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाते रहें तथा जनहित में रात्रि भ्रमण कर जायजा लेते रहें। भ्रमण के दौरान उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण कुमार, तहसीलदार खलीलाबाद आनंद ओझा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अवधेश भारती आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बुलंदशहर ने जंतर मंतर नई दिल्ली पर पहुंचकर किया विरोध प्रदर्शन

**बुलंदशहर:** शिक्षकों का टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन शुरू हो गया जिसके लिए अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ज्ञापन दिया था। कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले शिक्षकों की सेवा जारी रखने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के 1 दिसंबर के फैसले के बाद से शिक्षक लगातार विरोध कर रहे इसी मांग को लेकर देश भर के शिक्षक दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे। जहां बुलंदशहर से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, मंत्री अरुण राठी ,कोषाध्यक्ष कौशल किशोर सहित सैकड़ो शिक्षक शिक्षिकाएं जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने के लिए बस के द्वारा रवाना होकर पहुंचे।

# 61 हजार लाईटों का अपने संसाधनों से निगम कर रहा रख रखाव

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देशन में नगर निगम शहर में स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था सुधारने में लगा है। हर रोज सवा सौ से अधिक लाइट सम्बंधी शिकायतों का निपटारा तेजी से किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार खराब हुई लाईटों के स्थान पर नयी लाइटें भी लगायी जा रही हैं और फोकस भी बदले जा रहे हैं।

अधिशासी अभियंता एवं पथ प्रकाश प्रभारी वी बी सिंह ने उक्त जातनकारी देते हुए बताया कि करीब दो माह पूर्व ईईएसएल कंपनी से अनुबंध समाप्त होने के बाद 61 हजार से अधिक लाईटों का रखरखाव नगरायुक्त शिपू गिरि के दिशा निर्देशन में नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों से स्वयं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ईईएसएल कंपनी द्वारा स्ट्रीट लाईट का रखरखाव ठीक से न करने, खराब प्रकाश बिंदुओं को न बदलने, शिकायतों का निस्तारण समय से न करने आदि के कारण ईईएसएल कंपनी का अनुबंध नगर निगम द्वारा करीब दो माह पूर्व समाप्त कर दिया गया था। कंपनी के माध्यम से शहर में 54165 लाईट लगवायी गयी थी। उन सब लाईटो तथा उनके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा लगवायी गयी करीब सात हजार लाईटों के अनुरक्षण का कार्य अब निगम द्वारा अपने संसाधनों से किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि इस डेढ़ माह के अंतराल में 500 लाइटे बदल कर नयी लाईटें लगायी गयी है।

## बड़ागांव बाजार के बालाजी साड़ी घर व केसरी हार्डवेयर के ऑनर हर्ष केशरी ने रक्तदान से बचाई कैंसर पीड़ित की जान

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** अभ्युदय सेवा समिति के सदस्य बड़ागाँव निवासी बालाजी साड़ी व केशरी हार्डवेयर के ऑनर हर्ष केशरी ने एक दुर्लभ रक्त समूह वाले कैंसर पीड़ित का होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल में स्वयं के खर्चे से जाकर रक्तदान कर उसकी जान बचाई हर्ष केशरी के इस कार्य से समाज में उनके सफल व्यापारी के साथ साथ सफल सामाजिकता को भी दशार्ता हैं

*नियमित रक्तदाता और समाजसेवक *अभ्युदय सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य हर्ष केशरी न केवल रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं बल्कि अपने नियमित रक्तदान के माध्यम से कई लोगों की जिंदगी भी बचा रहे हैं वह हर वर्ष तीन से चार बार रक्तदान करते हैं और उनकी इस निस्वार्थ सेवा भावना से समाज को बहुत लाभ हो रहा है

अभ्युदय सेवा समिति को गर्व होता है, अपने ऐसे सामाजिक सेवकों पर जो कि संस्था के एक आवाज पर अपना निजी कार्य व व्यापार छोड़ कर निस्वार्थ भाव से पीड़ित लोगों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहते है ।

# अकटकट के कार्यकताओं ने मजार की सुरक्षा को बढ़ाये जाने को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (अकटकट) सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष निशात अली की अध्यक्षता में पुलिस अधिक्षक सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन को ज्ञापन देकर अकटकट के कार्यकताओं ने मजार की सुरक्षा को बढ़ाये जाने की मांग करते हुए कहा कि डुमरियागंज के भवानीगंज थाना क्षेत्र हिसामुद्दीनपुर गांव के तकियवा स्थित ₹उस्ताद हुसैन जंगली शाह बाबा₹ उर्फ तकिया बाबा के मजार पर नगर पंचायत बढ़नी चाफा के बीजेपी से नगर अध्यक्ष धर्मराज वर्मा के नेतृत्व मे दिन 08 दिसंबर 2025 को सैंकड़ों हिन्दू संगठन के कार्यकताओं के साथ मजार के सामने खड़े होकर नारेबाजी किया और मजार को समाधि बताकर विवाद करने की कोशिश किया। इसके साथ ही यह आवाहन किया है कि गुरुवार को सभी हिन्दू संगठन के कार्यकर्त्ता मजार पर हनुमान चालीसा का पाठ व भण्डारा करेंगे। जिससे यह प्रतीत होता है कि किस तरह से अक्रामकता के साथ मुस्लिम समाज के धार्मिक स्थलों को कब्जाने का षड्यन्त्र चल रहा है, जिस पर प्रशासन पूरी तरह मौन है।

यदि समय रहते इस तरह के नफरती अराजक तत्वों पर कार्यवाही नहीं की गई, तो जिले की साम्प्रदायिक सौहार्द को खतरा है। वहीं ज्ञापन में पिछले कुछ महीने पहले फागुशाह बाबा के मजार को तुड़वा दिया गया था, जिसका भी जिक्र करते हुए जिला अध्यक्ष निशात अली ने कहा इस तरह की घटना को दोहरा कर मजार पर कब्जा करने की मंशा के साथ जिले की शान्ति व्यवस्था को भंग कर जिले मे तनाव पैदा कर रहे है। जिससे मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई है और मुस्लिम समाज असुरक्षित महसूस कर रहा है।

पुलिस अधिक्षक खिलाफ कार्यवाही करते हुए मजार की सुरक्षा को बढ़ाएं जाने की मांग किया गया एवं गुरुवार को मजार पे हिन्दू संगठनों को जाने से रोके जाने की मांग किया गया है।

# नेचुरल प्रोडक्ट रिसर्च में वर्तमान प्रवृत्तियाँ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन सत्र बीएचयू में हुआ सम्पन्न

(संतोष कुमार सिंह )



**वाराणसी:-** नेचुरल प्रोडक्ट रिसर्च में वर्तमान प्रवृत्तियाँ विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का वैलेडिक्टरी सत्र 11 दिसम्बर गुरुवार को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न महामना पं.मदन मोहन मालवीय को पुष्पांजलि अर्पित करने और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई इस सम्मेलन का उद्घाटन नौ दिसंबर को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अजीत कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया था डॉ.श्वेता कुमारी की टीम, विभाग वोकल म्यूज़िक,एम.एम.वी.द्वारा बीएचयू कुलगीत प्रस्तुत किया गया प्राचार्या प्रो.रीता सिंह ने स्वागत संबोधन देते हुए सम्मेलन में हुई महत्वपूर्ण शैक्षणिक चचाओं और प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की सम्मेलन के संयोजक डॉ.राजीव मिश्रा ने अपने संबोधन में बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन विभिन्न विद्वानों की सामूहिक बौद्धिक सहभागिता का सफल परिणाम है मुख्य अतिथि प्रो.डी.के.उप्रेति,एमेरिटस वैज्ञानिक और भूतपूर्व निदेशक सीएसआईआर एनबीआरआई, लखनऊ ने वैलेडिक्टरी व्याख्यान प्रस्तुत किया उन्होंने प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान के बढ़ते महत्व,बहुविषयी दृष्टिकोण और वैज्ञानिक सहयोग की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला आयोजन सचिव डॉ.शाची सिंह ने सम्मेलन की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें तकनीकी सत्रों,मुख्य व्याख्यानों, शोध प्रस्तुतियों और शैक्षणिक संवादों का सार शामिल था इसके बाद श्रेष्ठ मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुतियों के पुरस्कार घोषित किए गए और प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

# जिलाधिकारी ने किया क्रिटिकल केयर ब्लॉक का औचक निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंड़े ने ग्राम खोली में निमार्णाधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, उपलब्ध संसाधनों तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत आकलन किया ।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ कुमार आदित्य तिवारी को निर्देशित किया कि क्रिटिकल केयर ब्लॉक में अपेक्षित क्षमता के अनुरूप सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएं। साथ ही चिकित्सकों और अन्य आवश्यक मानव संसाधनों का आकलन समय से पूर्ण किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य को हर हाल में फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही संपादित किए जाएँ ।साथ ही संबंधित अधिकारियों को परिसर के आसपास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था तथा संपूर्ण क्षेत्र की बाउंड्री डिमार्केशन कर किसी प्रकार के अतिक्रमण की संभावना को समाप्त करने के निर्देश दिए ।डीएम ने कार्यदायी संस्था से तकनीकी आधार पर बनाए गए नक्शे के आधार पर निर्माण कार्य कि गुणवत्ता की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए ।निरीक्षण के दौरान सीएमओ कुमार आदित्य तिवारी ,डॉ. आकाश सहित कार्यदायी संस्था के अभियंता एवं अवर अभियंता पंकज मेहता सहित निर्माणकार्य कर रही कंपनी के कर्मचारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश मानवाधिकार संगठन ने अध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव व टीम को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**प्रदेश मानवाधिकार संगठन की यह पहल निष्पक्ष पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम के रूप में देखी जा रही है।**



प्रयागराज। प्रदेश मानवाधिकार संगठन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (ठवख) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुंदन श्रीवास्तव जी एवं उनकी समर्पित टीम को उत्कृष्ट एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए विशेष सम्मान से विभूषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि श्री कुंदन श्रीवास्तव जी और उनकी टीम ने पत्रकारिता को सत्य, न्याय और मानवाधिकारों की दिशा में नई मजबूती प्रदान की है।

समाजहित में निरंतर सक्रिय रहकर उन्होंने पत्रकारिता के स्तर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का कार्य किया है। सम्मान ग्रहण करते समय श्री कुंदन श्रीवास्तव जी ने इस सम्मान को पत्रकारिता की जिम्मेदारी और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सत्य के मार्ग पर चलकर जनता की आवाज को बुलंद करना सदैव उनकी प्राथमिकता रही है।

# एसएसपी द्वारा शिकायत निवारण प्रणाली (कऋफर) में बुलंदशहर पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** माह नवम्बर में कऋफर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जनपद बुलन्दशहर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनपद के विभिन्न थाने क्रमशः कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, औरंगाबाद, गुलावठी, चोला, स्याना, नरसेना, बीबीनगर, अरनिया, जहांगीरपुर, शिकारपुर, पहासू, अहमदगढ़, सलेमपुर, अनूपशहर, अहार, छतारी, नरौरा, रामघाट शीर्ष रैंक पर रहे हैं तथा शेष थानों पर अपेक्षित सुधार के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को कऋफर सैल के पुलिसकर्मियों को महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद द्वारा उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# काशी तमिल सांस्कृतिक सेतु को साकार करता ऋषि अगस्त्य वाहन अभियान काशी पहुंचा नमो घाट पर हुआ भव्य स्वागत


(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी:-** तमिल और भारतीय परंपरा की प्राचीन सभ्यागत यात्रा को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से निकला सेज अगस्त्य व्हीकल एक्सपीडिशन (सेव )काशी तमिल संगमम्‍ 4.0 का प्रमुख आकर्षण अपनी नौ दिवसीय यात्रा पूर्ण करते हुए दस दिसंबर को वाराणसी स्थित नमो घाट पहुंचो यह ऐतिहासिक कार रैली दो दिसंबर को ह्यदक्षिण काशीह्ल तिरुनेलवेली (तेनकासी) से प्रारंभ हुई थी और लगभग 2,460 किलोमीटर की दूरी तय कर तमिलनाडु से उत्तर भारत तक सांस्कृतिक,भाषाई और आध्यात्मिक एकात्म की अविच्छिन्न धारा की स्मृति को पुनर्जीवित करती आगे बढ़ी रैली में शामिल 15झ20 वाहनों और लगभग 100 प्रतिभागियों का भव्य स्वागत मोहन सराय काशी द्वार पर किया गया जहां एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा सहित सैकड़ों कार्यकताओं एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर अगवानी की इसके बाद नमो घाट पर पहुँचने पर मंडलायुक्त वाराणसी मण्डल एस. राजलिंगम (आईएएस) और जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार (आईएएस) ने दल का औपचारिक स्वागत कियो मंडलायुक्त एस.राजलिंगम ने सेव टीम को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल तमिल और काशी की सांस्कृतिक निकटता का उत्सव है बल्कि भारत की उस आध्यात्मिक एकता की जीवंत अनुभूति भी है जिसने सदियों से उत्तर और दक्षिण को एक सूत्र में बांध रखा है सेव अभियान युवा पीढ़ी को हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का अद्भुत प्रयास है और काशी इस ऐतिहासिक संगम की साक्षी बनकर गौरवान्वित है यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने चेरा,चोल,पांड्य,पल्लव, चालुक्य और विजयनगर जैसे महान राजवंशों की संस्कृति,वास्तुकला और ज्ञान परंपराओं की विरासत से जुड़े स्थलों का अध्ययन करते हुए स्थानीय समुदायों से संवाद स्थापित कियो कारवां ने तमिल प्रदेश से लेकर उत्तर भारत तक फैली हुई सभ्यागत निरंतरता,कलात्मक परंपराओं,शिल्प, साहित्य एवं सिद्ध चिकित्सा परंपराओं के जीवंत सूत्रों को खोजने और दस्तावेजीकृत करने का कार्य कियो मोहन सराय काशी द्वार पर एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा रैली का स्वागत के बाद कहा कि यात्रा का एक महत्वपूर्ण आयाम पांड्य राजा आदि वीर पराक्रम पांडियनह्ल की उस ऐतिहासिक परंपरा को भी स्मरण करना था।

# एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने मजार की सुरक्षा को बढ़ाये जाने को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (अकटकट) सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष निशात अली की अध्यक्षता में पुलिस अधिक्षक सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन को ज्ञापन देकर अकटकट के कार्यकताओं ने मजार की सुरक्षा को बढ़ाये जाने की मांग करते हुए कहा कि डुमरियागंज के भवानीगंज थाना क्षेत्र हिसामुद्दीनपुर गांव के तकियवा स्थित ₹उस्ताद हुसैन जंगली शाह बाबा₹ उर्फ तकिया बाबा के मजार पर नगर पंचायत बढ़नी चाफा के बीजेपी से नगर अध्यक्ष धर्मराज वर्मा के नेतृत्व मे दिन 08 दिसंबर 2025 को सैंकड़ों हिन्दू संगठन के कार्यकताओं के साथ मजार के सामने खड़े होकर नारेबाजी किया और मजार को समाधि बताकर विवाद करने की कोशिश किया। इसके साथ ही यह आवाहन किया है कि गुरुवार को सभी हिन्दू संगठन के कार्यकर्त्ता मजार पर हनुमान चालीसा का पाठ व भण्डारा करेंगे। जिससे यह प्रतीत होता है कि किस तरह से अक्रामकता के साथ मुस्लिम समाज के धार्मिक स्थलों को कब्जाने का षड्यन्त्र चल रहा है, जिस पर प्रशासन पूरी तरह मौन है।

यदि समय रहते इस तरह के नफरती अराजक तत्वों पर कार्यवाही नहीं की गई, तो जिले की साम्प्रदायिक सौहार्द को खतरा है। वहीं ज्ञापन में पिछले कुछ महीने पहले फागुशाह बाबा के मजार को तुड़वा दिया गया था, जिसका भी जिक्र करते हुए जिला अध्यक्ष निशात अली ने कहा इस तरह की घटना को दोहरा कर मजार पर कब्जा करने की मंशा के साथ जिले की शान्ति व्यवस्था को भंग कर जिले मे तनाव पैदा कर रहे है। जिससे मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई है और मुस्लिम समाज असुरक्षित महसूस कर रहा है। पुलिस अधिक्षक खिलाफ कार्यवाही करते हुए मजार की सुरक्षा को बढ़ाएं जाने की मांग किया गया एवं गुरुवार को मजार पे हिन्दू संगठनों को जाने से रोके जाने की मांग किया गया है। ताकि जिले की शान्ति व्यवस्था बनी रहे व किसी भी तरह की होने वाली हिन्सा को रोका जा सकें।ज्ञापन देने के दौरान

जिला पंचायत प्रत्याशी करीमुल्लाह खान, मेराज चौधरी, नईम अख्तर अंसारी, सरवर आलम, अब्दुल सलाम, आतिफ अख्तर, नसीबुल्लाह, शम्स तबरेज, अब्दुल अजीम, असलम खान, रेहान खान आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने मे साइबर ठगी के रुपये पीड़ितों को कराए वापस

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** जनपद की मोहाना पुलिस ने साइबर ठगी का एक मामला 4 घंटे में सुलझाकर पीड़ित को 4300 रुपए वापस दिला दिए। पुलिस की त्वरित कार्रवाई, समन्वय और सतर्कता के चलते यह संभव हो पाया।

टोला आमगांव, बर्डपुर नंबर 5 निवासी सद्दाम पुत्र जुम्मन ने बताया कि 3 दिसंबर को वह एक दुकानदार को भुगतान कर रहे थे, लेकिन तकनीकी त्रुटि के कारण पैसा दुकानदार के खाते में न जाकर किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में पहुंच गया। इसके बाद सद्दाम ने 10 दिसंबर को मोहाना थाने में शिकायत दी। शिकायत मिलते ही मोहाना थाना पुलिस की साइबर टीम सक्रिय हो गई और तुरंत ठउफढ पोर्टल पर मामला दर्ज किया।

थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने स्वयं मामले में हस्तक्षेप करते हुए आरोपी से फोन पर संपर्क साधा। लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जब आरोपी से बात की गई तो वह दबाव में आ गया और पूरी राशि वापस कर दी। पुलिस आरोपी के सिम कार्ड, मोबाइल आईएमईआई और बैंक खाते को संदिग्ध ₹म्यूल अकाउंट₹ मानकर आगे जांच कर रही है।

तेजी से कार्रवाई और तत्काल रिकवरी होने पर पीड़ित सद्दाम ने मोहाना पुलिस का आभार जताया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में साइबर अपराध और त्वरित रिकवरी की ट्रेनिंग मिलने के बाद थानों में टीमों की क्षमता और समन्वय काफी मजबूत हुआ है, जिसका यह नतीजा है कि इतने कम समय में लोकेशन एनालिसिस और बैंक अधिकारियों से संपर्क कर पूरी राशि वापस कराई जा सकी।

## सार संक्षेप

### खेसरहा पुलिस का एक्शन: किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। मामला एक दिन पूर्व का बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बताया परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉस्को एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

### घर के बाहर से किशोर हुआ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग से एक किशोर घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया पीड़ित परिजनों ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है। पुलिस तलाश में जुटी हुई है। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी व्यक्ति गुलाम रसूल ने बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र जोयफ विगत 9 दिसंबर को घर के बाहर खेल रहा था। खेलते समय उसका पुत्र संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं लापता हो गया। आसपास के स्थानों सहित रिश्तेदारियों में पता करने के बाद भी उसका कहीं भी सुराग नहीं लगा। गुरुवार को पीड़ित पिता ने अपने परिजनों के साथ थाने पर पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराते हुए अपने लापता पुत्र को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को आश्वासन देते हुए लापता किशोर की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि गुमशुदगी की सूचना मिली है, जल्दी किशोर को बरामद कर लिया जाएगा।

### शराब की तस्करी कर रहे तस्कर को पुलिस ने दबोचा



**कांधला।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के किवाना ईंट भट्ठे के निकट से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से पुलिस ने देसी शराब बरामद करते हुए मुकदमा दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया है। बुधवार की रात्रि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के किवाना मार्ग स्थित ईंट भट्ठे के समीप एक व्यक्ति देशी शराब की तस्करी कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को प्लास्टिक के कट्टे सहित पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 45 पाउच लगभग 9 लीटर देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम संजीव पुत्र चेनपाल निवासी ग्राम मतनावली बताया। गुरुवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

# सड़क पर फैली गंदगी पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, हाथ उठाकर किया प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** देहात क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद में साफझ्रसफाई की बदहाल व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को मोहल्ले के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने हाथ उठाकर प्रदर्शन करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई।प्रदर्शन कर रहे मुबारक, कासिम, इमरान, वकील, मेहरबान और कालू ने आरोप लगाया कि मोहल्ले में लंबे समय से गंदगी का अंबार लगा है। पानी की निकासी न होने के कारण सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों और बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि गंदगी और जलभराव की वजह से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है, लेकिन शिकायतों के बावजूद ना तो विकासखंड अधिकारी और न ही ग्राम प्रधान ने समस्या के निस्तारण के लिए कोई कदम उठाया है।ग्रामीणों ने कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश को साफ,सुथरा बनाने का सपना साकार करने में जुटे हैं, वहीं स्थानीय अधिकारी और प्रधान इस मिशन को पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को शिकायती कर मोहल्ले में जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

सचिव अनुज तोमर का कहना है कि मोहल्ले में गंदगी होने की सूचना नहीं है,सफाई कर्मचारी भेज कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी।

# ब्लाक लखावटी की पांच और कन्याओं के हुए सामूहिक विवाह



**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गुरुवार को ब्लाक लखावटी की पांच और कन्याओं ने फेरे लिए। सामुहिक विवाह सम्मेलन शिकारपुर के रामलीला मैदान में संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गुरुवार को रामलीला मैदान शिकारपुर में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक लखावटी की पांच कन्याओं के विवाह संस्कार संपन्न हुए।इससे पूर्व रविवार को जनपद मुख्यालय बुलंदशहर में स्नेहा गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में भी ब्लाक लखावटी की छः कन्याओं के विवाह संपन्न कराये गये थे।

गुरुवार को शहापुर सीकरी की लक्ष्मी, शेखपुर गढ़वा की चंचल,अडौली की हसीना,फरहादपुर की पूजा और सरायछबीला की बबीता ने अपने जीवन साथी संग फेरे लिए।

# उर्दू/ अरबी/ दीनियात सेक्शन और कंप्यूटर लैब का हुआ भव्य उद्घाटन



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** रविवार की शाम में विकास खंड सेमरियावा के दी शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा में उर्दू/ अरबी/ दीनियात सेक्शन और कंप्यूटर लैब का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर उलेमा इकराम सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के दी शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा में रविवार की शाम में उर्दू/ अरबी/ दीनियात सेक्शन और कंप्यूटर लैब का और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुहम्मद अहमद ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मदरसा अरबिया नासिरुल उलूम पुरैना मंसूर के नाजिम व प्रख्यात मुस्लिम विद्वान मौलाना अब्दुस्सलाम नदवी ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। नई नस्लों तक दीन की तालीम पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां असरी तालीम जरूरी है वहीं दीनी तालीम और भी ज्यादा जरूरी है।

इस अवसर पर मौलाना मुहम्मद हारून, मुबारक हुसैन, मुहम्मद अहमद, फुजैल नदवी, अहमद जमाल अंसारी, शकील बस्तवी, शोएब नदवी, अब्दुल कलाम, मुहम्मद मुस्तफा, मुहम्मद परवेज अख्तर सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारी



**वेलकम इंडिया**

**कान्धला। (मोहसिन रहमानी)** क्षेत्र के किसान ढाबे पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकताओं और किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य अरविन्द पंवार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों के मसीहा, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि 23 दिसंबर को बस स्टैंड कान्धला स्थित चौधरी साहब की मूर्ति पार्क में सुबह 9 बजे यज्ञ-हवन का आयोजन होगा। इसके बाद चौधरी साहब के जीवन, उनकी किसान नीतियों और विचारधारा पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी।

साथ ही 51 गरीब व जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरण करने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।बैठक में मौजूद सभी लोगों ने जयंती कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने पर सहमति जताई। साथ ही क्षेत्र के लोगों से 23 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई।बैठक में सेवा राम, अशोक, पप्पू पंवार, सोमपाल पंवार, जय कुमार, रूपेश, देवेंद्र डायरेक्टर, दुष्यंत, कपिल, उपेन्द्र सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षक निर्वाचन की त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची को ठीक कराएं निर्वाचन आयोग: संजय द्विवेदी

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलकर शिक्षक निर्वाचन की त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची को ठीक करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मांग करता है कि पूर्व निर्वाचनो की भांति शुद्ध, त्रुटिहीन और विद्यालय के नाम का उल्लेख करते हुए निर्वाचक सूची जारी किया जाय। जिससे निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह ना लगे।

प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने बताया कि प्रकाशित मतदाता सूची में अनेक संस्थाओं के शिक्षको का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो पाया है जबकि उन्होंने निर्धारित समय के अंतर्गत मतदाता फार्म जमा किया था। प्रकाशित मतदाता सूची में अनेक शिक्षकों के नाम व पता त्रुटिपूर्ण मुद्रित है। शिक्षकों के नाम के सम्मुख उनके विद्यालय के नाम का उल्लेख न होने के या नहीं पता चल पा रहा है कि कौन सा शिक्षक किस विद्यालय का कर्मचारी है। इससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहा है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ आप से मांग करता है कि पूर्व निर्वाचनो की भांति शुद्ध, त्रुटिहीन और विद्यालय के नाम का उल्लेख करते हुए निर्वाचक सूची जारी किया जाय।

# द ग्रेट इंड़ियन सिंगिंग अवार्ड शो सीजन 6 का हुआ भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली। (विवेक जैन)** नई दिल्ली के इंडियन इस्लामिक कल्चरल सेन्टर में अब्या प्रोडक्शन और वीएल प्रोडक्शन द्वारा द ग्रेट इंड़ियन सिंगिंग अवार्ड शो सीजन 6 का भव्य आयोजन किया गया। अवार्ड शो में गायकों के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाली शख्सियतों को भी सम्मानित किया गया। शो में आये लोगो ने सुप्रसिद्ध गायकों व जानी-मानी सेलिब्रिटियों के साथ जमकर फोटो व सेल्फी ली। अब्या प्रोडक्शन के सीईओ योगेश मलिक ने शो को बहुत ही अच्छे तरीके से मैनेज और होस्ट करने के लिए दिल्ली की सुप्रसिद्ध एंकर उपमा दुआ व अपनी मधुर आवाज से सिंगिंग शो को सफल बनाने के लिए सिंगर - भूमिका मलिक, डॉ सुनीत सेखरी, पवन आर्ट ग्रुप से पवन शर्मा, रवि राठी, श्रीराम मनोहर, डॉ ताहिर, अंकिता पाठक, नीता चंदेल, परमिंदर सिंह, डॉ सुवेश तोमर, सुनीता मोइरंगथेन, हरविंदर मलिक, संजीव अरोड़ा, सौरभ बी, कजरी सेन, समर खान आदि की जमकर प्रशंसा की।

अवार्ड शो के सफल आयोजन के लिए अब्या प्रोडक्शन के सीईओ योगेश मलिक ने शो की को-आगेर्नाइजर व वीएल प्रोडक्शन की सीईओ शालु राठी, शो के स्पॉन्सर व गणपति प्रोपर्टी देहरादून के सीईओ पंकज महेन्दिरता सहित समस्त सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आइकोनिक चीफ गेस्ट अमित चौधरी, प्रमुख सदर, बीजेपी, मुजफ्फरनगर से, महामहिम राष्ट्रपति एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, सुप्रसिद्ध समाजसेविका सरबजीत कौर, एक्ट्रेस मॉडल, सोशल एक्टिविस्ट व इन्फलुएंसर अंजु शर्मा, सुप्रसिद्ध एक्टर जुनैद खान, श्वेता चुग, अनुभूति चौहान, यूनिका चौधरी, समाजसेवी नीरज गुप्ता, अन्नू फ्रैंक, मनीष ठाकुर, डाक्टर इमरान, धमेन्द्र तोमर, राकेश धामा, अशोक चौधरी, एसएपीए, जिला अध्यक्ष, शामली से, चीफ गेस्ट धीरेंद्र सिंह राघव, सीनियर बीजेपी लीडर और चेयरमैन भद्रावती ग्रुप, राष्ट्रीय प्रवक्ता समाजवादी पार्टी प्रोफेसर सुधीर पंवार, राजनेता वरुण धामा, बहादुरगढ़ हरियाणा, एसीपी डॉ प्रदीप खत्री, सेलेब्रिटी चीफ गेस्ट विनय चौधरी, नेशनल को-इंचार्ज रिसर्च एंड पॉलिसी, बीजेपी, सीनियर सोशल वर्कर और बिजनेसमैन, सिकंदर यादव, कथा वाचक, योगिनी गुरु माँ, पारुल चौधरी सोशल मीडिया इन्फलुएन्सर, बॉलीवुड़ के सितारे गजेन्द्र राठी, थिएटर एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर, बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता की माता रेखा गुप्ता जूरी मेंबर इंडियन फिल्म्स, एक्ट्रेस राखी सावंत के भाई व बॉलीवुड डायरेक्टर और प्रोड्यूसर राकेश सावंत, सेलेब्रिटी गेस्ट सार्थक चौधरी, मीनाक्षी मदान सहित अनेकों वीवीआईपी और वीआईपी गेस्ट उपस्थित थे।



# दो परियोजनाओं का लोकार्पण विधायक डॉ मंजू शिवाच ने किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की दिशा में दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण विधायक डॉ मंजू शिवाच ने फीता काटकर किया । नगर पंचायत पतला स्थित पी.जी. कॉलेज परिसर में विधायक निधि अंतर्गत अध्ययन कक्ष एवं बरामदे के निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण एवं उद्घाटन किया गया।

इस निर्माण कार्य की स्वीकृत धनराशि 18.89 लाख जी.एस.टी. सहित रही। नए अध्ययन कक्ष एवं बरामदा कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होंगे। इसके उपरांत मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खिन्दौड़ा स्थित गौशाला में भी विधायक निधि से निर्मित खड़ंजा निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया गया। यह कार्य वर्ष 2024-25 के अंतर्गत पूर्ण हुआ है, जिसकी अनुमानित लागत ?9.99 लाख (जी.एस.टी. सहित) रही।

गौशाला में बेहतर व्यवस्था, स्वच्छता तथा सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है, जिससे गौवंश संरक्षण एवं प्रबंधन में और अधिक सुधार होगा।

# छात्रों ने प्रधानाचार्य को हटाने की मांग को लेकर किया हंगामा, फूंका पुतला



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी के साथ पिछले दिनों मुल्तानी मल मोदी कालेज परिसर में हुई मारपीट के मामले में छात्रों ने प्रधानाचार्य पर आरोप लगाते हुए गुरुवार को प्राचार्य को हटाने की मांग को लेकर हंगामा किया और कॉलेज गेट पर प्राचार्य का पुतला फूंका गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य न केवल मनमानी कर रहे हैं, बल्कि कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था भी लगातार प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि पिछले दिनों अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी के साथ कालेज परिसर में मारपीट की गई। यह मारपीट प्रधानाचार्य के इशारे पर की गई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस पर प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया गया है। छात्रों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन को तेज करेंगे। उधर, कॉलेज प्रशासन ने कहना कि छात्रों की शिकायतों की जांच कराई जाएगी और जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

# भारतीय किसान सभा ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पंचायत निवाड़ी दफ्तर पर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान सभा अ के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया गया। किसानों की मुख्य मांग हाउस टैक्स की वृद्धि न हो निवाड़ी अघैडा जर्जर सड़क जिसका चार महीने पहले टेंडर हो चुका है। उसको ठेकेदार ने खोद डाला किसानों को उसे सड़क पर आने जाने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उसको शीघ्र बनवाने के अलावा नगर पंचायत निवाड़ी में जो चैनल जर्जर हो चुके हैं। उनको बनवाने के जो सड़क जर्जर हो चुकी हैं, उनको बनवाने के संबंध में एक ज्ञापन नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी को सौंपा।

किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द इन मांगों पर कार्यवाही न की गई तो मोदीनगर तहसील में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरने पर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अ के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी पूर्व अध्यक्ष राजकुमार वर्मा सभासद राजन त्यागी सभासद विकास त्यागी सभासद नितिन बंसल सभासद मंगेश्वर सभासद कादर अली सभासद जगदीश कुमार पूर्व सभासद शेखर त्यागी पूर्व सभाद नरेश त्यागी नितेश त्यागी आशीष गोयल हैप्पी त्यागी मनीष त्यागी बबलू त्यागी मदनलाल फौजी जय भगवान फौजी आदि लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### भाभी से अभद्रता की शिकायत करने पर युवक पर जानलेवा हमला, पुलिस जांच में जुटी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** कृष्णा कुंज कॉलोनी में भाभी से अभद्रता होने के चलते शिकायत करने पर एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। आरोपियों ने युवक पर गोलियां बरसा दी। युवक की कोहनी से एक गोली सटकर निकाली है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। कृष्णा कुंज कॉलोनी निवासी सोनू ने बताया कि पिछले दिनों गांव तिबड़ा निवासी आरोपियों ने उसकी भाभी के साथ अभद्रता की थी। इसकी शिकायत सोनू ने आरोपियों के परिजन से की। इसके चलते आरोपी बाइक एवं स्कूटी पर सवार होकर पीड़ित के घर पहुंचे। जैसे ही पीड़ित मकान से बाहर निकाला, उस पर आरोपियों ने गोलियां बरसा दी। किसी तरह पीड़ित ने भागकर जान बचाई। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने लगभग छह राउंड फायरिंग की है। उसकी बाजू की कोहनी से गोली छूकर निकली है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच चल रही है।

### मोदीनगर में अवैध कालोनियों पर चला जीडीए का बुलडोजर



**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र में लगभग 26 बीघा में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनियों पर गुरुवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने बुलडोजर चलाकर सघन कार्रवाई की। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष के निर्देश के क्रम में प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में की गई। अभियान के दौरान अवैध निर्माण और प्लाटिंग करने वाले कालोनाईजरों के खिलाफ कठोर कदम उठाए गए। कार्यवाही के दौरान खसरा संख्या 239, ग्राम सादाबाद जखेबा, परगना जलालाबाद (अबूपुर), सहरावत फार्म वाली सड़क पर अबूपुर रोड पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध निर्माण किया जा रहा था। इसी प्रकार, खसरा संख्या 129 और 130, सादाबाद जखैवा, मोदीनगर में लगभग 4000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इस दौरान निर्माणकर्ता/कालोनाईजर द्वारा कोई भी स्वीकृत तलपट मानचित्र या साक्ष्य अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अलावा, खसरा संख्या 588, ग्राम बिसोखर, संतपुरा बिसोखर चामण्ड के पास लगभग 12000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की गई थी। इस अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा सड़क निर्माण, बाउंड्री वॉल और साइट ऑफिस बनाए गए थे, साथ ही मिट्टी भराई और बिजली के पोल भी लगाए गए थे। जीडीए की टीम ने इन सभी अवैध निमार्णों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। कार्यवाही के दौरान स्थानीय निर्माणकताओं और विकासकताओं ने विरोध किया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल ने उन्हें नियंत्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया जारी रखी। सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर, मेट और स्थानीय पुलिस बल भी इस अभियान में मौजूद रहे। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 ने मौके पर लोगों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना अनुमति कोई भी निर्माण बक्शा नहीं जाएगा और अवैध प्लाटिंग या निर्माण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस सघन अभियान से यह संदेश गया कि जीडीए अवैध निर्माण और कालोनियों को बढ़ावा नहीं देने देगा और शहर के नियोजित विकास को सुनिश्चित करने के लिए कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# पुलिस ने गुम व चोरी हुए एक करोड़ कीमत के 238 मोबाइल बरामद किए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पुलिस कमिश्नररेट ग्रामीण जोन के विभिन्न थानों की पुलिस ने गुम व चोरी हुए 238 मोबाइल फोन बरामद किए। जिनकी कीमत लगभग एक करोड रुपये है। पुलिस ने दिल्ली,हरियाणा, उत्तर प्रदेश, और आस पास के कई जिलों से ये मोबाइल बरामद किए। सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से जानकारी का विश्लेषण कर और अन्य राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करके यह सफलता हासिल की गई। पुलिस ने पुराने मोबाइल खरीदते समय सावधानी बरतने की अपील की है।

पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि टीम ने तकरीबन 238 मोबाइल फोन गुम व चोरी हुए मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किये। जिनकी कीमत एक करोड से अधिक आंकी गई हैं।

ये विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के मोबाइल फोन है ।उन्होने बताया कि टीम ने सीईआइआर पोर्टल पर दर्ज मोबाइलों का डाटा विश्लेषण किया और राज्य के बाहर ट्रेस हुए मोबाइलों के लिए संबंधित राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय किया। बरामद किए गए 238 मोबाइल में आइफोन,सैमसंग अल्ट्रा, वीवो, वनप्लस, मोटोरोला और अन्य मोबाइल शामिल हैं।

प्रेसवार्ता के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर अमित सैक्सना, सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी लिपि सहायक पुलिस आयुक्त लोनी ज्ञानप्रकाश राय सहित देहात के विभिन्न थानों के प्रभारी मौजूद रहें।

### बाथरूम सफाई के दौरान केमिकल रिएक्शन, महिला गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम इलाके में बाथरूम की सफाई के दौरान टॉयलेट क्लीनर और ब्लीच के मिश्रण से रासायनिक प्रतिक्रिया होने से एक महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। घटना बुधवार को हुई जब महिला घर में मेहमानों के आने से पहले टॉयलेट को चमकाने के लिए दोनों रसायनों का इस्तेमाल कर रही थी। थोड़ी ही देर में केमिकल प्रतिक्रिया करके जहरीली गैस बन गई, जिसे महिला ने सांस के जरिए अंदर खींच लिया। महिला की आवाज सुनकर परिजन दौड़े और उन्हें बेहोशी जैसी हालत में पाया। तुरंत यशोदा मेडिसिटी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां महिला को कुछ समय के लिए गहन देखभाल कक्ष में रखा गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को सुरक्षित स्थिति में छुट्टी दे दी। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अंकित भाटिया ने बताया कि टॉयलेट क्लीनर पर स्पष्ट रूप से लिखा होता है कि इसे अन्य किसी केमिकल के साथ न मिलाएं। इस तरह के मिश्रण से फेफड़ों को तुरंत नुकसान पहुंचाने वाली जहरीली गैस बनती है।

# नीम करौली दर्शन से लौटते समय कार हादसा, दो युवकों की मौत, चार घायल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विजयनगर के शिवपुरी निवासी सचिन सोमवार रात स्वजन के साथ नीम करौली बाबा के आश्रम दर्शन के लिए निकले थे। दर्शन के बाद देर रात उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। मंगलवार देर रात करीब एक बजे सचिन के छोटे भाई नितिन ने घर फोन कर हादसे की जानकारी दी, लेकिन इस दौरान उन्होंने यह नहीं बताया कि सचिन और उनकी भांजी लक्षी की मौत हो चुकी है।

कार में सचिन के अलावा नितिन, उनकी बड़ी बहन रुचि, रुचि के बच्चे निष्ठा, लक्षी और पांच वर्षीय कुकू भी सवार थे। जबकि सचिन के माता-पिता बिजेंद्र चौधरी और आदेश, उनकी पत्नी प्रियंका और छोटा बेटा घर पर ही थे। सचिन मेडिकल स्टोर के साथ ही तीन जिम भी चलाते थे और मोहल्ले में उनकी काफी पहचान थी। हादसे की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में शोक का माहौल फैल गया। पड़ोस में रहने वाली सचिन की बुआ की बेटी स्वाति ने बताया कि 35 वर्षीय सचिन दो साल पहले महिंद्रा एक्सयूवी 700 कार खरीदी थी, उसी कार से सोमवार रात नीम करौली बाबा के आश्रम दर्शन के लिए रवाना हुए थे। गाड़ी सचिन ही चला रहे थे। हादसा तब हुआ जब कार रास्ते में एक पत्थर से टकरा गई और खाई में जा गिरी। बीच रास्ते में एक पेड़ की शाखा के सहारे कार अटक गई, जिससे कार में सवार सभी लोगों को चोटें आईं। दुर्घटना में 12 वर्षीय लक्षी का सिर पत्थर से टकराने के कारण उनकी भी मौत हो गई।

वहीं, कार चालक सचिन की भी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में घायल नितिन, रुचि, निष्ठा और कुकू को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सचिन के पिता बिजेंद्र चौधरी मूल रूप से मेरठ के कंकरखेड़ा थानाक्षेत्र के गांव जांजोखर निवासी हैं और करीब 30 वर्ष पहले गाजियाबाद आकर बस गए थे। मोहल्ले के लोग और परिजन इस हादसे से गहरे सदमे में हैं।

# लोकल ट्रेनें रद्द, यात्रियों की जेब पर बढ़ा बोझ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर के रेलवे स्टेशन पर जारी पुनर्निर्माण कार्य ने हजारों दैनिक यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लोकल स्तर पर चलने वाली सात प्रमुख ट्रेनें रद्द होने के बाद यात्रियों को बसों और अन्य निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे सफर का खर्चा दोगुना हो गया है। सामान्य दिनों में ट्रेन से सस्ती यात्रा करने वाले नौकरीपेशा लोग अब अधिक किराया देकर रोजाना सफर कर रहे हैं। यही स्थिति 26 दिसंबर तक बनी रह सकती है क्योंकि रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य लगातार जारी है। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन पांच लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है। ऐसे में रेलवे लाइन के समीप चल रहे निर्माण कार्य के कारण ट्रेनों का रद्द होना और प्लेटफार्मों के बदलने से आम यात्रियों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। रेलवे ने अलग-अलग तिथियों में 16 ट्रेनों को रद्द किया है। इनमें सात ट्रेनें 14 दिसंबर तक, दो ट्रेनें 1 से 15 दिसंबर तक, आठ ट्रेनें 17 से 26 दिसंबर तक और एक ट्रेन 30 नवंबर से 15 दिसंबर तक बंद रहेगी। इसके अलावा 35 ट्रेनों के प्लेटफार्म भी बदल दिए गए हैं। यात्री हरेंद्र शर्मा ने बताया कि ट्रेन रद्द होने के बाद बसों में यात्रा करने को मजबूर होना पड़ रहा है और उनसे दोगुना किराया लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रेनें बंद होने से रोजाना यात्रियों के बजट पर भारी असर पड़ा है।

# हाथरस और यूपी पुलिस के बीच आज खिताबी जंग

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल की मेजबानी में 5 दिसंबर 2025 से शुरू हुई 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप रोमांच के शिखर पर पहुँच चुकी है। प्रदेश की कुल 44 टीमों की भागीदारी वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पिछले छह दिनों से शानदार मुकाबले देखने को मिले। सभी टीमों ने अपने उत्कृष्ट खेल, तेजी, कौशल और जज्बे के दम पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता के छठे दिन 10 दिसंबर 2025 को क्वॉर्टर $फाइनल के मुकाबले खेले गए। इस दौरान एसएसके पब्लिक स्कूल के निदेशक श्री गुलशन भामरी, रोजबैल पब्लिक स्कूल के निदेशक श्री जोगिंदर सिंह, जेकेजी स्कूल के निदेशक एवं जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष श्री करुण गौड़ तथा जिला संघ के सचिव भी मौजूद रहे और सभी खिलाडि ?ं का उत्साह बढ़ाया।

क्वॉर्टर फाइनल मुकाबलों में गाजियाबाद और बागपत के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिसमें बागपत ने 84-76 से जीत दर्ज की। अलीगढ़ और मेरठ के बीच हुए दूसरे मुकाबले में मेरठ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 82-61 से जीत हासिल की। तीसरे मु$काबले में बीएलडब्ल्यू और हाथरस आमने-सामने थे, जहाँ हाथरस ने 67-62 से जीत दर्ज करते हुए सेमी$फाइनल में प्रवेश किया। आगरा और उत्तर प्रदेश पुलिस के बीच हुए चौथे क्वॉर्टर $फाइनल में उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए 55-34 से जीत अपने नाम की। सेमीफाइनल मुकाबले भी रोमांच से भरे हुए रहे। पहले सेमीफाइनल में मेरठ और हाथरस के बीच एक तेज रफ्तार मुकाबला देखने को मिला, जिसमें हाथरस की टीम ने 80-73 से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बना ली। दूसरे सेमी$फाइनल में उत्तर प्रदेश पुलिस और बागपत की टीमें भिड़ीं। पुलिस टीम ने पूरे मैच में लगातार बढ़त बनाए रखी और अंततः 78-58 से विजय प्राप्त करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। अब चैम्पियनशिप के खिताब के लिए हाथरस और उत्तर प्रदेश पुलिस की टीमें आज 11 दिसंबर 2025 को शाम 4 बजे आमने-सामने होंगी।

# एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन, नीति सुधार और वैश्विक बाजार में बढ़ती संभावनाओं पर गहन मंथन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (एफआईईओ) और ऑल इंडिया मैनुफैक्चरर्स उत्तर प्रदेश स्टेट बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में कविनगर स्थित लायंस क्लब में एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में न केवल प्रदेश की नई निर्यात प्रोत्साहन नीति पर गंभीर चर्चा हुई, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा निर्यातकों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं, समस्याओं और भविष्य की संभावनाओं पर भी विस्तृत विमर्श किया गया। कॉन्क्लेव का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री एवं समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण, एफआईईओ के महानिदेशक अजय सहाय, उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष अरविंद गोयनका, उपनिदेशक आशीष जैन और जिला उद्योग उपायुक्त श्रीनाथ पासवान द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने शॉल एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। शहर विधायक संजीव शर्मा भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त मो. आतिफ द्वारा उत्तर प्रदेश की नई निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-2030 पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन वाले लक्ष्य तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया है, जबकि वर्तमान में राज्य का निर्यात 50 अरब के आसपास है। उन्होंने उद्यमियों को नीति में उपलब्ध प्रोत्साहन, सब्सिडी, सुविधाएँ और वर्तमान चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एफआईईओ के महानिदेशक अजय सहाय ने कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में विश्व व्यापार में भारत की भूमिका और भी मजबूत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि निर्यात के क्षेत्र में अभी भले ही चुनौतियाँ हों, लेकिन संभावनाएँ अपार हैं। उद्योग और संगठन मिलकर कार्य करें तो अनेक क्षेत्रों में नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने बताया कि एफआईईओ वैश्विक मंचों पर भारतीय उद्योगों की आवाज बनकर कार्य कर रहा है। उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष अरविंद गोयनका ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की नीति अत्यंत स्पष्ट है और वह निर्यात को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। आने वाले वर्षों में निर्यात के लिए उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य बन सकता है। उन्होंने उद्यमियों से आगे बढ़कर इस दिशा में योगदान देने का आह्वान किया। उद्यमी संजीव सचदेवा ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यूपीसीडा ने उद्यमियों से भू-आवंटन का शुल्क तो ले लिया है, लेकिन अभी तक भूखंड उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिससे उद्योग शुरू करने में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने प्रभारी मंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की।

मुख्य अतिथि असीम अरुण ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाला समय चुनौतियों और अवसरों दोनों से भरा है। उन्होंने यशोदा मेडिसिटी का उदाहरण देते हुए कहा कि हाल ही में राष्ट्रपति द्वारा इसका शुभारंभ किया गया, जो चिकित्सा पर्यटन की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि जिले में जहाँ पहले एक इकाई बंद होने वाली थी, वहीं अब वहाँ विशाल हरित डाटा केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया।

उन्होंने कहा कि भारत में विश्व का सबसे बड़ा युवा वर्ग है और रूस के राष्ट्रपति द्वारा हाल ही में पाँच लाख श्रमिकों की मांग करना यह संकेत है कि भारतीय श्रमिकों की वैश्विक मांग बढ़ रही है। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बड़े पैमाने पर युवा विदेश जाते हैं, तो देश में कौशलयुक्त श्रमिकों की कमी भी उत्पन्न हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि उद्योग अपने श्रमिकों को बेहतर वेतन एवं सुविधाएँ देकर उन्हें देश में ही कार्य करने के लिए प्रेरित करें।

## नोएडा में पुलिस की बड़ी पहल:

# 14 नए पीआरवी वाहन बेड़े में शामिल कानून-व्यवस्था होगी और मजबूत

वेलकम इंडिया/इंद्रेश शर्मा



**गौतमबुद्धनगर।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आपात स्थितियों में पुलिस प्रतिक्रिया समय को तेज करने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने 14 नए पीआरवी (डायल-112) वाहनों को हरी झंडी दिखाकर बेड़े में शामिल किया। यह कार्यक्रम पुलिस आयुक्त कार्यालय, सेक्टर-108 नोएडा से आयोजित किया गया।

नए पीआरवी वाहनों के शामिल होने से कमिश्नरेट के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की दृश्य उपस्थिति, गश्त व्यवस्था और त्वरित कार्रवाई क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि आधुनिक संसाधनों और तकनीक से लैस ढफश यूनिट जनता की सुरक्षा और आपात सेवाओं को और बेहतर बनाएगी। इन वाहनों के तैनात होने से न सिर्फ महत्वपूर्ण मार्गों पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी बल्कि घटनास्थल तक पहुंचने में लगने वाला समय भी कम होगा। इससे आमजन में सुरक्षा की भावना और मजबूत होगी।

### पुलिस को मिलेंगे आधुनिक संसाधन

कमिश्नरेट ने लगातार अपने बेड़े को उन्नत करने, पुलिस बल को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और वाहनों की संख्या बढ़ाने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। नए ढफश वाहन इसी प्रक्रिया का हिस्सा हैं, ताकि पुलिस नागरिकों को तेज, पारदर्शी और उत्तरदायी सेवा दे सके।

### कई वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव नारायण मिश्र, डीसीपी ट्रैफिक श्री प्रवीण रंजन सिंह, डीसीपी रिजर्व पुलिस लाइन्स श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक श्रीमती मनीषा सिंह, स्टाफ ऑफिसर श्रीमती प्रशाली गंगवार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सेक्टर-39 थाना - 02
थाना फेस-3- 02
थाना सेक्टर-63 - 01
थाना बिसरख - 02
थाना इकोटेक-3 - 01
थाना सूरजपुर- 02
थाना दनकौर - 01
थाना जेवर -03

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, फंदे से लटका मिला

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के सुदामापुरी इलाके में बुधवार को एक विवाहिता का शव फंदे से लटका हुआ मिलने पर हड़कंप मच गया। मृतका 27 वर्षीय लाली दो माह की गर्भवती थी। घटना की सूचना मिलते ही उसके मायके पक्ष में कोहराम मच गया और उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए जोरदार हंगामा किया। लाली की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले सुदामापुरी निवासी पंकज से हुई थी, जो एक फार्म हाउस ठेके पर लेकर चलाता है। विवाह के बाद से ही लाली के स्वजन कई बार दाम्पत्य जीवन में हो रही परेशानियों का जिक्र कर चुके थे। घटना वाले दिन जब लाली का शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला तो मायके वालों ने इसे सीधे-सीधे हत्या करार दिया। लाली के पिता गोपीराम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि जिस बिस्तर और पंखे से लाली को लटका बताया जा रहा है, उनकी ऊंचाई इतनी कम है कि आत्महत्या करना संभव ही नहीं है। उन्होंने दावा किया कि लाली के पैर मुड़े हुए थे, जिससे यह साफ होता है कि उसे मारकर फंदे पर लटकाया गया है। पिता का कहना है कि ससुराल पक्ष ने लाली को योजनाबद्ध तरीके से मौत के घाट उतारा है और आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की है। शिकायत के आधार पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## नोएडा पुलिस की सख्त कार्रवाई:

# थाना बादलपुर में रातभर फुट पेट्रोलिंग संदिग्ध वाहनों की गहन चेकिंग

वेलकम इंडिया/इंद्रेश शर्मा

**गौतमबुधनगर।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर बीती रात थाना बादलपुर क्षेत्र में व्यापक फुट पेट्रोलिंग और विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान की कमान डीसीपी सेंट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण में, एडीसीपी सेंट्रल श्री संतोष कुमार और एसीपी-2 सेंट्रल श्रीमती दीक्षा सिंह ने संभाली।

अभियान में शामिल पुलिस टीमों ने मुख्य रास्तों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।

पेट्रोलिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख़्त कार्रवाई की गई, वहीं देर रात सड़क पर घूम रहे संदिग्ध वाहनों की बैरिकेडिंग लगाकर गहन चेकिंग की गई।



# डीसीपी नगर धवल जायसवाल ने सुनी जन समस्याएँ, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर में जनसुनवाई की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस उप आयुक्त (नगर) धवल जायसवाल प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी अपने कार्यालय में उपस्थित होकर आम जनता की शिकायतें सुनते नजर आए। सुबह से ही लोग अपनी-अपनी समस्याएँ लेकर उनके कार्यालय पहुँचे, जहाँ पुलिस उप आयुक्त ने प्रत्येक व्यक्ति से शांतिपूर्ण वातावरण में विस्तृत वार्ता कर उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनी।

धवल जायसवाल ने शिकायतकर्ताओं की बात सुनने के बाद तुरंत संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर समस्या का समाधान पारदर्शिता, संवेदनशीलता और नियमों के अनुसार किया जाएगा। जनता के बीच पुलिस उप आयुक्त की यह पहल काफी सराहनीय मानी जा रही है। लोगों का कहना है कि प्रतिदिन की जनसुनवाई व्यवस्था से उन्हें अपने मुद्दे सीधे उच्च अधिकारी तक पहुँचाने का अवसर मिलता है और इससे समाधान की प्रक्रिया तेज होती है।

महिला सुरक्षा, पड़ोस विवाद, भूमि संबंधी शिकायतें, पारिवारिक मतभेद और साइबर शिकायतों सहित कई प्रकार की समस्याएँ आज की जनसुनवाई में प्रमुख रूप से सामने आईं, जिन पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

धवल जायसवाल ने कहा कि पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जनता को सुरक्षित और निष्पक्ष माहौल उपलब्ध कराना है। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेकर समय से समाधान कराएगी। नियमित रूप से की जा रही यह जनसुनवाई न केवल नागरिकों का पुलिस पर विश्वास मजबूत कर रही है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## नगर निगम का ठंड से सुरक्षा अभियान निराश्रितों के लिए अलाव से बनाई संजीवनी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बढ़ती शीतलहर और रात्रि में बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर निगम ने निराश्रितों और सार्वजनिक स्थलों पर उपस्थित लोगों के लिए अलाव की विशेष व्यवस्था की है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निदेर्शानुसार 22 स्थलों पर अलाव जलाकर लोगों को ठंड से बचाया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां अधिक संख्या में निराश्रित एकत्र होते हैं, ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके। नंदी पार्क गौशाला में भी रात्रि के समय अलाव जलाकर गोवंशों को ठंड से सुरक्षा दी जा रही है। उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने बताया कि गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सार्वजनिक स्थानों और आश्रय स्थलों के आसपास अलाव की व्यवस्था की गई है।

अलाव से निराश्रितों को ठंड में राहत मिल रही है और उनके लिए यह व्यवस्था संजीवनी का कार्य कर रही है। अलाव की व्यवस्था नसीरपुर फाटक, संतोष अस्पताल के सामने पुराना बस अड्डा, अर्थला चौराहा, सुदामा पुरी, संजय नगर सेक्टर 23 न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के बाहर, डीएलएफ कॉलोनी, कौशांबी, लोहिया नगर लाल क्वार्टर का चौराहा, पुराना रेलवे स्टेशन गाजियाबाद, रेलवे स्टेशन साहिबाबाद, मोहन नगर चौराहा समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर की जा रही है।

# अंतरराज्यीय चोरी गैंग बेनकाब चोरी के माल समेत चार गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस उप आयुक्त (सिटी) धवल जायसवाल द्वारा चलाए जा रहे अभियान को बड़ी सफलता मिली है। सिहानीगेट थाना पुलिस ने सहायक पुलिस आयुक्त (नन्दग्राम) उपासना पाण्डेय के नेतृत्व में एक अंतरराज्यीय चोरी गैंग का पदार्फाश करते हुए चार सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। यह गैंग दिल्ली-उत्तर प्रदेश-एनसीआर में लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था और पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। सूत्रों के अनुसार, इस गिरोह ने 17 नवंबर को दयानन्दनगर निवासी परिनिधि साहनी के घर से लाखों रुपये के आभूषण, नकदी और कीमती सामान चोरी किया था। पुलिस टीम ने जब गिरफ्तार अभियुक्त शिवा से पूछताछ की, तो उसने कई खुलासे किए। शिवा ने बताया कि उसके गिरोह के सदस्य पहले निशाने पर लिए गए घरों और दुकानों की गुप्त रूप से रेकी करते थे और मौका मिलते ही चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते थे। उसने स्वीकार किया कि 17 नवंबर की दयानन्दनगर की वारदात भी इसी गैंग ने की थी।

चोरी की घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने एसीपी नन्दग्राम उपासना पाण्डेय की मौजूदगी में बताया कि थाना सिहानीगेट पुलिस ने तत्परता और तकनीकी निगरानी की मदद से अशोक नगर में हुई बड़ी चोरी का भी सफल अनावरण कर दिया। सर्विलांस टीम के सहयोग से पुलिस ने आर.डी.सी. फाटक तथा हमदर्द मैदान के पास संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान दिल्ली की ओर भागने की फिराक में जा रही एक सफेद स्विफ्ट कार को रोका गया और कार में सवार चारों आरोपियों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, गैंग से सफेद और पीली धातु के आभूषण, 63,000 नकद, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन, दो आधार कार्ड, और एक बैंक पासबुक, जिसमें चोरी के बाद जमा किए गए 5 लाख रुपये दर्ज थे, बरामद किए गए। इसके अलावा, स्विफ्ट कार को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत जब्त किया गया। बरामद माल की कुल अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में शिवम पुत्र इंदरपाल, विशाल पुत्र इंदरपाल, इंदरपाल पुत्र बसंतलाल और माला देवी पत्नी इंदरपाल शामिल हैं। ये सभी ग्राम अकरोली, थाना बनियाठेर, जनपद संभल के निवासी हैं और वर्तमान में रामपुर जनपद के ज्वालानगर क्षेत्र में रह रहे थे।

इंदरपाल इस अंतरराज्यीय गैंग का सक्रिय एवं कुख्यात सदस्य है, जिसके विरुद्ध दिल्ली और उत्तर प्रदेश जनपदों में कुल 19 संगीन मामले दर्ज हैं। वह एक पुनरावर्ती अपराधी है और धारा 454, 457, 380, 411 तथा गैंगस्टर एक्ट के मामलों में पहले भी जेल जा चुका है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कबाड़ी बनकर क्षेत्र में घूमते थे और बाहर से ताला लगे मकानों को निशाना बनाते थे। चोरी के दिन उन्होंने अपने साथी जमशेद को दीवार फांदकर घर में प्रवेश कराया, जिसने पेचकस और कैंची से ताले तोड़े थे।

चोरी किए गए सोने को मुरादाबाद ले जाकर गलवाया गया और चांदी की सिल्लियाँ तैयार कराई गईं। चोरी के बाद कुल 7 लाख रुपये प्राप्त हुए, जिसमें से 5 लाख रुपये माला देवी के बैंक खाते में जमा किए गए।

## मोदी डिग्री कॉलेज में प्राचार्य के पुतले का विरोध, एबीवीपी पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर स्थित मुलतानीमल मोदी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक अग्रवाल के खिलाफ गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्राचार्य के पुतले को जलाया और पुतले पर चप्पल से भी पिटाई की। इस दौरान छात्रों और पदाधिकारियों ने नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जाहिर की।

पदाधिकारियों का कहना है कि यह प्रदर्शन पिछले दिनों हुई घटना के चलते किया गया। आरोप है कि एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री चिरायु शर्मा के साथ मारपीट प्राचार्य के इशारे पर की गई थी। इस घटना ने पदाधिकारियों में गहरा रोष उत्पन्न कर दिया है।

एबीवीपी पदाधिकारी लगातार कॉलेज प्रशासन से प्राचार्य को निलंबित करने की मांग कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से कॉलेज में प्रदर्शनकारी पदाधिकारी धरना दे रहे हैं और कॉलेज परिसर में प्राचार्य के लापता होने के पोस्टर भी चस्पा किए गए हैं।

प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया है। कॉलेज प्रशासन ने फिलहाल इस मामले में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं दी है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि विवाद की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। पदाधिकारियों और छात्रों का आरोप है कि प्राचार्य की कथित भूमिका से कॉलेज में अशांति और छात्र संगठन के बीच तनाव की स्थिति पैदा हुई है।

# श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में 'कला उत्सव का भव्य आगाज

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद।** श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव 'कला उत्सवज का अत्यंत भव्य और सांस्कृतिक विविधताओं से भरपूर आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, कलात्मक झांकियों और प्रकाश व्यवस्था से इस प्रकार सजाया गया था कि हर आगंतुक को एक उत्सवमय वातावरण का अनुभव हो रहा था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धारिणी अरुण, क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नोएडा; विशिष्ट अतिथि निधि कुलपति, पूर्व प्रबंध संपादक, दूरदर्शन समाचार चैनल एन.डी.टी.वी.; तथा श्वेता सिंह, भारतीय महिला एथलीट (पिस्टल शूटर) द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अतिथियों ने छात्राओं की ऊर्जा, अनुशासन और कलात्मक क्षमताओं की सराहना करते हुए विद्यालय की सतत प्रगति की शुभकामनाएँ दीं। कला उत्सव के दौरान छात्राओं ने भारतीय संस्कृति, साहित्य, संगीत, नृत्य और वास्तुकला पर आधारित बहुरंगी प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विद्यालय के मंच पर प्रस्तुत भगवान शिव की महिमा पर आधारित नृत्य, कृष्ण लीला, मीरा नृत्य, लोक संगीत, नाट्य प्रस्तुति, समूह-अभिनय और नृत्य नाटिका ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं की अभिनय शैली, भाव-भंगिमा और तालमेल देखकर सभागार तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा। चित्रकला और साहित्यिक रचनाओं की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही, जहाँ छात्राओं की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

उन्होंने विद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों की स्थापना, खेल एवं पाठ्येतर गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्यालय सतत प्रयासों के माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच का विकास कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने पिछले दो सत्रों (2023-24 एवं 2024-25) में कक्षा 10 और 12 की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं की उपलब्धियाँ उनके परिश्रम, परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम हैं। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें और भी ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रबंधक ज्ञान प्रकाश गोयल ने सभी विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षिकाओं, प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा विशेष तौर पर दिनेश गोयल (साबुन उद्योग), मोहित गुप्ता और शिवाक गर्ग आदि का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कला उत्सव की सफलता विद्यालय परिवार की एकजुटता, परिश्रम और अनुशासित व्यवस्था का परिणाम है। अंत में उन्होंने सभी छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।